## भाई ने बड़े भाई और भाभी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी की लिखाई रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के रामचौरा गांव में रहने वाले सूर्य प्रकाश रावत ने अपने सगे बड़े भाई योगेंद्र रावत और उनकी पत्नी उषा के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूर्य प्रकाश का कहना है कि 31 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे वह अपनी पत्नी रीता के साथ खेत से काम करके घर लौटे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले उनके बड़े भाई योगेन्द्र रावत और उनकी पत्नी ऊषा ने गाय छूटने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों ने सूर्य प्रकाश और उनकी पत्नी रीता के साथ लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपियों ने मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल बंथरा पुलिस ने सूर्य प्रकाश की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## जिला बदर घोषित का आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में जिला बदर घोषित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर गुण्डा नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है। बिजनौर थाने के उप निरीक्षक प्रशांत सिंह के मुताबिक वह अपनी टीम के साथ 31 मार्च को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर किया गया आरोपी छोटू उर्फ अभय कश्यप अपने घर के पास घसियारी मोहल्ले में मौजूद है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके से पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बिजनौर के घसियारी मोहल्ला निवासी छोटू उर्फ अभय कश्यप (25) पुत्र शमशेर कश्यप बताया। उप निरीक्षक का कहना है कि जांच करने पर सामने आया कि उसे 14 जनवरी 2026 को छह माह के लिए लखनऊ जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया था। लेकिन इसके बावजूद इसके वह चोरी-छिपे क्षेत्र में रह रहा था।

# सपा नेता की गिरफ्तारी ने एक बार फिर सपा की चाल, चरित्र और चेहरा जनता के सामने हुआ उजागर : पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में नकली नोटों की फैक्ट्री चलाने के आरोप में सपा नेता की गिरफ्तारी ने एक बार फिर सपा की चाल, चरित्र और चेहरा जनता के सामने उजागर कर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि जो लोग देश की अर्थव्यवस्था को खोखला करने का षड्यंत्र रचते हैं, वे केवल अपराधी नहीं बल्कि राष्ट्रविरोधी मानसिकता के प्रतीक हैं। नकली नोटों का कारोबार सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह देश की वित्तीय व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और आम नागरिक के विश्वास पर सीधा हमला है। श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं के बयान बार-बार यह संकेत देते रहे हैं कि सत्ता में आने पर वे अपराधियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने का काम करेंगे। अब प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि क्या इस कथित नीति का लाभ नकली नोट छापने, देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और राष्ट्रहित के खिलाफ काम करने वालों को भी दिया जाएगा? उन्होंने कहा कि अपराधियों को संरक्षण देना, कानून व्यवस्था का मजाक बनाना और राष्ट्रविरोधी तत्वों पर राजनीतिक छत्रछाया देना सपा की पुरानी कार्यशैली रही है। यही कारण है कि जनता अब सपा के हर दावे और हर चेहरे के पीछे छिपे काले सच को अच्छी तरह पहचान चुकी है। श्री पंकज चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका देशहित को सर्वोपरि रखने की होती है, लेकिन समाजवादी पार्टी ने बार-बार यह साबित किया है कि उसकी प्राथमिकता केवल सत्ता की राजनीति है। चाहे उसके लिए प्रदेश की सुरक्षा, देश की अर्थव्यवस्था और जनता का भरोसा ही क्यों न दांव पर लगाना पड़े, सपा पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि लाल टोपी का काला इतिहास उत्तर प्रदेश की जनता भलीभांति जानती है। दंगाइयों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों और अब आर्थिक अपराधों से जुड़े तत्वों के प्रति सपा का नरम रवैया उसकी राजनीतिक संस्कृति को स्पष्ट करता है। श्री चौधरी ने कहा कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी को हार की हैट्रिक लगाकर यह संदेश देगी कि इस प्रदेश में अपराध, अराजकता और राष्ट्रविरोधी सोच के लिए कोई स्थान नहीं है। उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन, सुरक्षा और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ आगे बढ़ चुका है और जनता अब पीछे लौटने वाली नहीं है।

## काकोरी में वेल्डिंग कारीगर से मारपीट कर मोबाइल लूटा

### चार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोका, पिटाई के बाद बाइक की चाबी भी ले गए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक वेल्डिंग कारीगर के साथ मारपीट कर मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार काकोरी के पहिया आजमपुर निवासी सलीम पेशे से वेल्डिंग कारीगर हैं। सलीम ने बताया कि वह मंगलवार रात मलिहाबाद के सहिलामऊ में मेला देखने गया था। देर रात करीब 11 बजे वह बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान टिकैतगंज स्थित बेहता नाला ओवरब्रिज के पास पीछे से आए दो बाइक सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए सलीम के साथ जमकर मारपीट की। विरोध करने पर एक बदमाश ने उसे धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया और उसकी जेब में रखा मोबाइल फोन लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भागते समय सलीम की बाइक की चाबी भी निकाल ले गए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने किसी तरह मदद लेकर घर पहुंचकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटना की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक महिला ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर के नटकुर स्थित मुल्लाही खेड़ा निवासी राज कपूर अपनी 35 वर्षीय पत्नी अनुराधा के अलावा बुजुर्ग पिता मैकूलाल व दो बेटों अनुराग और अर्तिक के साथ रहकर बिजनौर में कॉस्मेटिक की दुकान चलाते हैं। राज कपूर बुधवार को सुबह करीब 10 बजे अपनी दुकान और बड़ा बेटा अनुराग स्कूल चला गया। जबकि घर पर अनुराधा के अलावा मैकूलाल और छोटा बेटा अर्तिक मौजूद थे। बताते हैं कि मैकूलाल और अर्तिक घर के बाहर बैठे थे। तभी अनुराधा ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लोहे की पाइप से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। बाद में जब मैकूलाल घर के अंदर गए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। उन्होंने इसकी सूचना अपने बेटे राज कपूर को दी। इसके बाद घटना से पुलिस को अवगत कराया गया। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अनुराधा के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि बक्शी का तालाब की रहने वाली मृतका अनुराधा की वर्ष 2007 में राज कपूर के साथ शादी हुई थी। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि अनुराधा को दिमागी समस्या होने के कारण वर्ष 2009 से उसका इलाज चल रहा था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## काशीश्वर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बने डॉ. रितेश मिश्र

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कॉलेज में नए सत्र में एक नई पारी की शुरूआत हुई बीते 31 मार्च को विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश त्रिपाठी अवकाश प्राप्त हुए जिसके बाद नए सत्र के पहले दिन 1 अप्रैल को डॉ० रितेश मिश्र ने विद्यालय प्रधानाचार्य पद पर कार्यभार संभाल लिया। उनकी नियुक्ति से शिक्षा जगत में खुशी की लहर डॉ० रितेश ने अपनी शिक्षा और अनुभव से विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया उन्होंने कहा मैं विद्यालय के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध मैं शिक्षकों छात्रों और अभिभावकों के साथ मिलकर काम करूँगा ताकि हम विद्यालय को और बेहतर आदर्श संस्थान बना सकें। डॉ० रितेश मिश्र मूल रूप से बस्ती जिले के निवासी उन्होंने बुधवार को विद्यालय प्रबंधक अजय कुमार मिश्र की मौजूदगी में प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया जहां मौजूद पदाधिकारियों और अतिथियों ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य को पुष्प गुच्छ व शॉल भेजकर शुभकामनाएं दी। जिसके बाद पूर्व प्रधानाचार्य ब्रजेन्द्र कुमार मिश्र अंबिका प्रसाद त्रिपाठी अनिल शर्मा विद्यालय संरक्षक ज्ञानेंद्र प्रसाद शुक्ल उपप्रबंधक अरविंद मिश्र मालती नारायण कॉलेज के प्रबंधक जी०पी० मिश्र शिवनंदन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ० रामराजन द्विवेदी नवजीवन कॉलेज के प्रवक्ता शैलेन्द्र शुक्ल शिवशंकर वाजपेई विजय शुक्ल प्रमोद त्रिवेदी सहदेव चौरसिया अमित मिश्र सहित दर्जनों शिक्षकों और छात्रों ने बधाई देकर खुशी जाहिर की

## कवच आम सभा का भव्य आयोजन, किसानों को मिली नई दिशा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुधवार को अटारी स्थित पंचायत भवन में ह्लकवच आम सभाह्व का भव्य और सफल आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों और बागवानों ने भाग लिया। इस आयोजन में मेटा एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड एवं अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्य अतिथि ने बताई आधुनिक तकनीकों की उपयोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमानखेड़ा, लखनऊ के निदेशक डॉ. टी. दामोदरन ने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर आम उत्पादन की गुणवत्ता और पैदावार में वृद्धि संभव है। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने के लिए प्रेरित किया।




किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ

### विशिष्ट अतिथियों ने दी तकनीकी जानकारी

कार्यक्रम में डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. डी.के. वर्मा (उपनिदेशक, उद्यान विभाग), उद्यान निरीक्षक दिलीप कुमार एवं उपेंद्र सिंह ने किसानों को उन्नत किस्मों, रोग नियंत्रण और बागवानी प्रबंधन की जानकारी दी।

### प्रगतिशील बागवान ने किया मार्गदर्शन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर बलबीर सिंह ने की। उन्होंने किसानों को संगठित होकर कार्य करने और बाजार की नई संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में अहम पहल

यह आयोजन किसानों के सशक्तिकरण, ज्ञानवर्धन और बागवानी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर राजगीर मिस्त्री ने किया आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात एक राजगीर मिस्त्री ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के कमलापुर निवासी रामखेलावन (40) अपनी पत्नी फूलमती और दो बेटी वैष्णवी व किंजल और एक बेटे आरुष के साथ रहकर राजगीर मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार रात रामखेलावन नशे की हालत में घर पहुंचा और खाना खाने के बाद सभी लोग बरामदे में लेट गये। लेकिन रात करीब 12:30 बजे रामखेलावन अचानक उठा और कमरे के अंदर जाकर अंदर से उसका दरवाजा बंद कर लिया। उसे देख फूलमती दरवाजे पर गई और खटखटाने लगी। इस पर रामखेलावन ने कहा कि बिजली का तार निकल गया है उसे लगा रहा हूँ। लेकिन कई बार आवाज देने के बाद भी रामखेलावन ने दरवाजा नहीं खोला। तब फूलमती ने पड़ोसियों को बुलाकर उनकी मदद से दरवाजा तोड़ा। जहां कमरे के अंदर रामखेलावन छत में लगे लोहे के छल्ले से साड़ी के सहारे लटक रहा था। इस पर आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतार कर एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराब का आदी था और शराब के नशे में ही उसने आत्महत्या की है। फिलहाल उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्वांचल की सांस्कृतिक विरासत को सराहा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को पूर्वांचल महोत्सव 'माटी-9' में एक विशिष्ट सभा को संबोधित किया। यह महोत्सव पूर्वांचल क्षेत्र की कला, खान-पान, पर्यटन और विरासत के जश्न को समर्पित है।

माटी (मिट्टी) विषय पर आधारित यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के लोगों और उनकी पैतृक जड़ों के बीच के गहरे संबंध का रेखांकित करता है। इस अवसर पर श्री बिरला ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में पूर्वांचल के योगदान की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्वांचल की माटी केवल मिट्टी नहीं है; यह लचीलेपन, परंपरा और जीवंत सामुदायिक भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारी मिट्टी की खुशबू ही हमारी पहचान को परिभाषित करती है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि 'माटी 9' जैसे उत्सव यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि युवा वैश्विक सफलता प्राप्त करने के बाद भी अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने स्थानीय बोलियों, लोक कलाओं और पारंपरिक व्यंजनों को सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये तत्व न केवल इतिहास को सहेजते हैं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय ताने-बाने को भी मजबूत करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने पूर्वांचल के सांस्कृतिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरने पर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ की अनूठी विरासत स्थानीय उद्यमिता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। उन्होंने पूर्वांचल के प्रवासियों की भी प्रशंसा की और कहा कि विदेशों में रहने वाले यहां के लोग अपनी मातृभूमि के मूल्यों को बनाए रखे हुए हैं और वैश्विक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

श्री बिरला ने कहा, आज पूर्वांचल के लोगों ने देश और दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने उल्लेख किया कि संसद के गलियारों से लेकर ग्रामीण समाज के जमीनी स्तर तक और स्थानीय गांवों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक - पूर्वांचल के लोगों की प्रतिभा और प्रतिबद्धता राष्ट्र के लिए एक प्रेरक शक्ति बनी हुई है।

## रबी फसलों की खरीद के लक्ष्यों का आवंटन जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत विभिन्न फसलों की खरीद के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और लक्ष्यों का आवंटन जारी कर दिया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, तूर (अरहर-खरीफ), चना, मसूर एवं लाही-सरसों की अधिकतम अनुमन्य मात्रा के क्रय हेतु केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के मध्य लक्ष्यों का विभाजन सुनिश्चित कर दिया गया है। इस वर्ष इन फसलों की खरीद की कार्यवाही 07 अप्रैल से प्रारंभ की जाएगी। इस संबंध में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन के समीक्षा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि मूल्य समर्थन योजना का लाभ फार्मर रजिस्ट्री कराने के बाद ही किसानों को मिल सकेगा।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

### पहले भी पॉक्सो एक्ट में जा चुका है जेल, जमानत पर था बाहर

अमन लेखनी समाचार



आरोपी अयान अंसारी – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को महमूदनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास से दबोचा गया। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार, 27 मार्च को पीड़िता के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी लगभग 15 वर्षीय पोती को 24 मार्च की रात नई बस्ती धनेवा निवासी अयान अंसारी अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया था। घटना के बाद परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी पहले भी वर्ष 2024 में इसी नाबालिग के साथ गंभीर अपराध कर चुका है। उस मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था और वह जमानत पर बाहर था।

### पीड़िता खुद पहुंची थाने, बढ़ीं धाराएं

मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। 30 मार्च को पीड़िता स्वयं अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची। उसके बयान और चिकित्सीय परीक्षण में सामने आया कि आरोपी ने नाबालिग से शादी कर शारीरिक संबंध बनाए थे। इसके बाद मुकदमे में और गंभीर धाराएं जोड़ दी गईं।

### मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया आरोपी

बुधवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अयान अंसारी (28) को महमूदनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पेशे से डिलीवरी बॉय है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पूर्व में भी पॉक्सो एक्ट के तहत जेल जा चुका है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## लोक निर्माण विभाग ने बजट खर्च करने में रचा इतिहास

### 36,293.95 करोड़ के बजट का 84.26 प्रतिशत किया खर्च

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट व्यय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के अनुसार विभाग ने स्वीकृत बजट के सापेक्ष अभूतपूर्व व्यय सुनिश्चित कर राज्य के विकास कार्यों को नई गति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग की यह उपलब्धि राज्य सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों, सुदृढ़ वित्तीय अनुशासन तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। विभाग द्वारा आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार जनहित एवं आधारभूत संरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को कुल लगभग 36,293.95 करोड़ (स्थापना सहित) का बजट प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष 30,581.98 करोड़ का व्यय किया गया, जो कुल बजट का 84.26 प्रतिशत है। वहीं स्थापना व्यय

- बेहतर प्लानिंग, नियमित समीक्षा जवाबदेही से मिली बड़ी उपलब्धि




को छोड़कर विभाग द्वारा 32,676.49 करोड़ के बजट के सापेक्ष 28,086.82 करोड़ का व्यय करते हुए 85.95 प्रतिशत की उच्चतम उपलब्धि दर्ज की गई। विशेष रूप से, विभाग ने 28,000 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए 28,087 करोड़ का व्यय कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि विभाग की कार्यकुशलता, प्रभावी वित्तीय प्रबंधन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में भी विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें 23,850 करोड़ के व्यय के मुकाबले इस वर्ष 28,086.82 करोड़ का व्यय दर्ज किया गया है, जो स्पष्ट रूप से विकास कार्यों में तीव्रता को दशार्ता है।

यह भी उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में विभाग द्वारा निरंतर प्रगति करते हुए 31 मार्च 2026 तक व्यय को निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़ाया गया। विभाग द्वारा सभी प्रमुख लक्ष्यों—23,000 करोड़ से लेकर 28,000 करोड़ तक—को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे मुख्यमंत्री के निदेर्शों के अनुरूप प्रमुख सचिव अजय चौहान और प्रमुख अभियंता ए.के. द्विवेदी का कुशल नेतृत्व और रणनीतिक प्रबंधन अहम माना जा रहा है।

पिछले दो महीनों से लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट खर्च की मॉनिटरिंग की वजह से कार्यों में तेजी आई और धनराशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित हुआ। इससे न केवल विकास कार्यों को गति मिली है, बल्कि विभाग की कार्यशैली में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

## दूर-दराज क्षेत्रों में बनें अतिरिक्त गेहूँ क्रय केन्द्र

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी एवं कृषि से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में गेहूँ खरीद व्यवस्था, पीएम किसान पंजीकरण और उर्वरक वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में गेहूँ खरीद 30 मार्च से शुरू हो चुकी है, इसलिए सभी जनपदों में शेष क्रय केन्द्रों को तत्काल सक्रिय किया जाए। उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सुविधा के लिए अतिरिक्त गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना पंजीकरण के आने वाले किसानों का मौके पर ही पंजीकरण कर खरीद सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए।

### योगी सरकार में कौशल विकास मिशन का बड़ा कदम

## पहले दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित

अमन लेखनी समाचार

- मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में ग्रेडिंग आधारित पारदर्शी व्यवस्था लागू
- मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल से तेज हुई प्रक्रिया, 90 दिन की जगह 30 दिन में तैयारी

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में कौशल विकास को नई गति देते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन 957 ट्रेनिंग पार्टनर्स को जारी कर दिया।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में इस वर्ष पहली बार ग्रेडिंग नीति को सार्वजनिक कर प्रशिक्षण केंद्रों का मूल्यांकन किया गया। इसी आधार पर प्राइवेट, इंडस्ट्रियल और सरकारी पार्टनर्स को लक्ष्य आवंटित किए गए, जिससे जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित हुई है। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर इस प्रक्रिया को पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाया गया है।

प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की समय सीमा 90 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। साथ ही स्मार्ट टॉप-अप व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थान बैच समाप्ति से पहले अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। अब इम्पैनलमेंट, लक्ष्य आवंटन और भुगतान पूरी तरह ऑनलाइन होंगे।

23 फरवरी 2026 के नए नियमों के तहत संस्थाओं को उनकी ग्रेडिंग और प्रशिक्षण गुणवत्ता के आधार पर भुगतान किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि होगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि अकसहित आधुनिक कौशल प्रशिक्षण, हर वर्ग को प्राथमिकता प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल्स, लाइव क्लास और इंडस्ट्रियल विजिट को अनिवार्य किया गया है। साथ ही 33% महिलाओं, 5% दिव्यांगजनों और वंचित वर्ग के युवाओं को प्राथमिकता देना सुनिश्चित किया गया है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। मिशन अब क्वांटिटी से क्वालिटी की ओर बढ़ रहा है। डिजिटल पारदर्शिता और समयबद्ध रणनीति से युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विगत वर्ष जहाँ ट्रेनिंग पार्टनर्स को पूरे वर्ष के लिए 1.10 लाख प्रशिक्षणार्थियों का एकमुश्त लक्ष्य आवंटित किया गया था, वहीं इस वर्ष रणनीति में सुधार करते क्वार्टरली यानी कि तीन महीने में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्रथम तीन माह के लिए 99,075 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य जारी किया गया है।

## संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रोशन नगर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के रोशन नगर गांव निवासी गीता पाल गांव के बाहर मकान निर्माण के लिए दीवार बनवा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी इंद्रपाल पक्ष ने दीवार अपनी भूमि में बनाए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। गांव के लोगों ने हस्तक्षेप कर मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच बातचीत से मामला शांत करा दिया था।बताया गया कि मंगलवार देर रात अचानक दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद बढ़ गया और पहले कहासुनी, फिर गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में एक पक्ष से गीता पाल (45) व उनके पुत्र दीपांशु (22) घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से इंद्रपाल (55), उनका पुत्र गोलू (19) और भाई नेकपाल (50) को चोटें आईं।कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। भूमि विवाद के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग को भी अवगत कराया गया है।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र के अलग अलग गावों में हुई गाली गलौज व मारपीट की घटनाओं में पीडितों की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। बिरसिंह पुर गांव निवासी प्रेम रैदास की पत्नी ज्योति ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पति रात में घर के अंदर सो रहे थे तभी गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह सूरज सिंह व पिंटू का लडका दरवाजे पर आकर वे वजह गाली-गलौज करने लगे विरोध किया तो जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी दूसरी घटना रऊ करना गांव निवासी छोटू वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह बाइक से दवा लेने जा रहा था तभी रास्ते में गांव निवासी नान सिंह गाली-गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी एक अन्य घटना में भदियार निवासी अनिल कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पडोसी प्रदीप शुक्ला दबंग किस्म का व्यक्ति है और हाल ही में जेल से छूट कर आया है वह आते जाते बच्चों के साथ गाली-गलौज करता है जब विरोध किया तो बेटी अंशिका के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया गाली-गलौज मारपीट की घटना में पीडितों की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# रेलवे स्टेशन पर 80 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को काटने पर हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।जनपद के गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर चल रहे प्लेटफॉर्म विस्तार कार्य के दौरान करीब 80 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को काटने की कार्रवाई शुरू होते ही क्षेत्र में चर्चा और नाराजगी का माहौल बन गया। पेड़ काटने के दौरान तकनीकी दिक्कतें आने और एक युवक के घायल होने की घटना के बाद स्थानीय लोगों की भावनाएं और भी उभरकर सामने आ गईं। रेलवे विभाग इन दिनों गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के विस्तार का कार्य करा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्य यात्रियों की सुविधा, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।इसी परियोजना के तहत प्लेटफॉर्म के समीप स्थित पुराने पीपल के पेड़ को हटाने का निर्णय लिया गया था।बताया जा रहा है कि जब मजदूरों ने पेड़ काटने का कार्य शुरू किया तो कटर मशीन बार-बार खराब होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मशीन लगातार तीन बार बंद हो गई, जिससे काम कुछ समय के लिए बाधित हो गया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना को धार्मिक आस्था से जोड़ते हुए तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी दीं।इसी दौरान पेड़ की एक बड़ी डाल काटते समय आसिफ नाम का एक युवक अचानक संतुलन खो बैठा। वह ऊपर से गिरते-गिरते बच गया, हालांकि उसे हल्की चोटें आईं। मौके पर मौजूद मजदूरों और अन्य लोगों ने तुरंत उसे सुरक्षित नीचे उतारा और प्राथमिक उपचार कराया। घटना के बाद कुछ समय के लिए पेड़ काटने का काम रोक दिया गया और मजदूरों को अधिक सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के कई स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह पीपल का पेड़ कई दशकों से यहां मौजूद है और लोगों की धार्मिक आस्था इससे जुड़ी हुई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार कई लोग वर्षों से इस पेड़ की पूजा करते आ रहे हैं और इसे क्षेत्र की पहचान मानते हैं। लोगों ने रेलवे प्रशासन से अपील की है कि यदि संभव हो तो पेड़ को बचाने का प्रयास किया जाए या फिर प्लेटफॉर्म विस्तार के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि विकास कार्य जरूरी है, लेकिन धार्मिक आस्था और पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। वहीं रेलवे अधिकारियों का कहना है कि प्लेटफॉर्म विस्तार रेलवे की स्वीकृत योजना के तहत किया जा रहा है और इसका उद्देश्य यात्रियों की सुविधा बढ़ाना है। अधिकारियों के मुताबिक पेड़ की शाखाएं काफी दूर तक फैल चुकी थीं और रेलवे की ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक) लाइन के बेहद करीब पहुंच गई थीं। रेलवे विभाग के अनुसार तेज हवा या बारिश के दौरान पेड़ की शाखाएं टूटकर गिरने से रेल संचालन बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। इसी कारण सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए पेड़ को हटाने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल घटना के बाद क्षेत्र में पेड़ को लेकर लोगों के बीच चर्चा जारी है और लोग रेलवे प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता बरतने की मांग कर रहे हैं।वहीं रेलवे विभाग का कहना है कि कार्य पूरी सावधानी के साथ कराया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

# लाखो रुपए कीमत की होम्योपैथिक दवाएं मिली कूड़े के ढेर में

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला होम्योपैथी चिकित्सालय परिसर से लाखों रुपये की होम्योपैथी दवाएं कूड़े के ढेर में मिली हैं। इस घटना ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और दवा प्रबंधन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल परिसर के एक हिस्से में बड़ी संख्या में दवाइयों के डिब्बे खुले में फेंके हुए पाए गए। आरोप है कि ये दवाएं मरीजों के इलाज के लिए विभिन्न केंद्रों पर भेजी जानी थीं, लेकिन इन्हें ₹एक्सपायरी₹ या ₹खराब₹ बताकर छंटाई के नाम पर बाहर फेंक दिया गया। इस मामले से वित्तीय अनियमितता और लापरवाही की आशंका बढ़ गई है।यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब सरकारी अस्पतालों में अक्सर दवाइयों की कमी की शिकायतें आती रहती हैं और मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। ऐसे में लाखों रुपये की दवाओं का इस तरह कूड़े में मिलना कई सवाल खड़े करता है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें अक्सर पर्याप्त दवाएं नहीं मिलतीं, जिससे मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ता है।इस मामले पर जिला होम्योपैथी अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह ने स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा कि बारिश में भीगने और एक्सपायरी की आशंका के कारण दवाओं को छंटाई के लिए अस्थायी रूप से बाहर रखा गया था। डॉ. सिंह के अनुसार, इन दवाओं को बाद में सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाना था। उन्होंने यह भी बताया कि ये दवाएं केरल से प्राप्त हुई थीं और वर्ष 2024 की एक्सपायरी से संबंधित मामला न्यायालय में विचाराधीन है।हालांकि, विभाग के इस स्पष्टीकरण के बावजूद कई सवाल अनुत्तरित हैं। यदि दवाएं खराब थीं, तो उनका नियमानुसार निस्तारण क्यों नहीं किया गया और उन्हें खुले में रखने की क्या आवश्यकता थी? सूत्रों के मुताबिक, कुर्सट और लालऊखेड़ा सहित अन्य केंद्रों पर इसी खेप की दवाएं मरीजों को दिए जाने की बात भी सामने आई है, जो स्थिति को और जटिल बनाती है।

# दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत चार घायल

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस वे के गौरा अण्डर पास के स्लिप मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही दो मोटर साइकिलें आमने समाने भिड गई ।जिसमें चारों यूवकों को गम्भीर चोटें आई । घायलों मे सुमित उर्फ पूती 18 पुत्र आशाराम व सुमित उर्फ मल्लू 17 पुत्र पंचम निवासी कुतुबपुर बिहार को गम्भीर हालत मे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।वही रायबरेली जनपद के खीरों थाना क्षेत्र के ग्राम सूरज बख्शखेड़ा निवासी अरुण 17 वर्ष पुत्र रामकिशोर व सुशील कुमार 18 पुत्र सूर्यपाल को भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया । डाक्टर ने सुशील कुमार के पैर मे फैक्चर की संभावना व्यक्त किया है ।वही सुमित उर्फ मल्लू के सिर मे गम्भीर चोट बताया है । जिन्हे परिजन इलाज हेतु किसी प्राइवेट अस्पताल ले गये है । बुधवार को सुमित उर्फ मल्लू अपने दोस्त सुमित उर्फ पूती के साथ अपनी बहन के यहां थाना क्षेत्र के गांव भदिहा भांजे के मुण्डन संस्कार मे जा रहे थे । गंगा एक्सप्रेस के गौरा अण्डर पास के स्लिप मार्ग पर सामने से आ रही बाइक से टकरा जाने से दो बाइकों मे सवार चार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गये थे । बाईक चलाते समय किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था ।

# यूपीसीपीएल का फाईनल मैच जैतीपुर ने वारसी इलेवन को दो विकेट से हराया

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव।लगभग डेढ़ माह से यूपीसीपीएल का आयोजन ब्लाक के चमियानी बाबा स्टेडियम मे हो रहा था जिसमें मंगलवार को जैतीपुर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसमें वारसी इलेवन कायमपुर ने निर्धारित 18 ओवर में 148 रन बनाए ,कायमपुर की तरफ से रंजीत यादव ने 65 रन 3 चौका और 4 छक्के की पारी खेली,उनके अलावा रवि 25 रन 1 चौकाऔर बाबू ने 17 रन 1 चौका ,1 छक्के रनों के योगदान दिया ,जैतीपुर की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए हिम्मत सिंह ने 17 रन देकर 4 विकेट ,हर्षित ने 2 व दीपू गेल ने भी 2 विकेट लेकर कायमपुर को आलआउट कर दिया जवाब में खेलने उतरी जैतीपुर की टीम की शुरूआत अच्छी रही जिसमें बल्लेबाजी करते हुये कार्तिक शर्मा 40 रन ,हर्षित यादव 29 रन ,श्रेयश बाजपेई 28 रन ,सिप्पी बंसल 20 रनों की बदोल्लत 19 ओवर मे 2 विकेट से शानदार जीत हासिल की जिसमें विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार व उपविजेता टीम को 75 हजार रुपये की ईनामी राशि दी गयी ! इस मौके पर फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह ,प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, अभय पटेल ,महेश दीक्षित, अजय मास्टर,बृजेन्द्र वर्मा ,अनिल ,दुगार्शंकर वर्मा,रिंकू, मनी,पीयूष , सौरभ सिंह, आशीष वर्मा, सर्वेश , शिवम ,आशीष कनौजिया , कुलदीप,रिंकू, निखिल, राहुल सहित आयोजक अमित चौधरी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया !

# तेज हवा व हल्की हुई बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव।तहसील क्षेत्र में मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक रुक-रुक कर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। गरज के साथ हुई इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, खासकर गेहूं और आम की फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।किसान सचिन, पंकज और राजेश सहित कई अन्य किसानों ने बताया कि पकी हुई गेहूं की फसल के लिए यह बारिश हानिकारक है। खेतों में नमी बढ़ने से कटाई में दिक्कत आ रही है, और भीगने के कारण गेहूं के दानों के काले पड़ने का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं, इस समय बागों में आम का दाना बन चुका है। बारिश के कारण आम में कीड़े लगने और फसल खराब होने की आशंका बनी हुई है, जिससे आम उत्पादकों को भी नुकसान का डर सता रहा है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव ने किसानों के लिए नई समस्या खड़ी कर दी है। हसनगंज तहसील क्षेत्र में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई के अंतिम चरण में है। बड़ी मात्रा में कटी हुई गेहूं की फसल खेतों में पड़ी है, जिसके भीगने से गुणवत्ता प्रभावित होने और उत्पादन घटने की संभावना है।

# बीईओ ने प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।विकास खंड के गाव हमजापुर प्राथमिक पाठशाला में आयोजित वार्षिकोत्सव में बी ई ओ अनीता शाह द्वारा प्रभिशाली बच्चो को संम्मानित किया गया ।इस अवसर पर बच्चो द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यकरण ने सबका मन मोह लिया।

समारोह में बी ई ओ अनीता शाह ने विद्यालय में सबसे अधिक दिन उपस्थिति रही कक्षा 5 की छात्रा शिवांशी जो को बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा एक में प्रथम आए ऋतिक कक्षा 2 में प्रियंका कक्षा 3 में लकी कक्षा 4 में आसानी और कक्षा 5 में प्रियांशी को शिक्षा किट देकर सम्मानित किया गया ।कक्षा एक में नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चों को पेंसिल कॉपियां और नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तक भी वितरित की गई समारोह में प्रेरणाश्रोत नाट्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राए गुलशन, रौनक, लविश, प्राशू, दीपांशु, विशाल, शिवा, सानिया मोहिनी, पल्लवी मोनिका, सुहानी, प्रियांशी, शिवांशी, सन्ध्या ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया ।मुख्य अतिथि बी ई ओ अनीता शाह ने कहा कि कम से कम 10 प्रतिशत नामांकन बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी है उन्होंने स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति देख विधालय स्टाफ को शुभकामनाए दी । शिक्षक नेता संजीव संखवार ने मौजूद अभिभावको को आकर्षित कर कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक पढ़ कर व प्रशिक्षण लेकर आते है जो आपके बच्चे को सरकारी नौकरी की ओर लेकर जाएंगे ।गाव में लगातार बढ़ रही प्राइवेट स्कूलों की मान्यताओं को मानक देख किया जाए वर्ना परिषदीय पाठशालाओं पर बुरा असर पड़ेगा ।उन्होंने अपने ही विभाग के अधिकारियों से जगह-जगह मान्यता न देने की बात कही ।शिक्षक नेता तौसीफ अली, अमित तिवारी ने भी शिक्षक , अभिभावक व बच्चो को संबोधित किया ।संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया इस मौके पर संजीव संखवार, अमित तिवारी , अमरेंद्र कुमार , ज्ञानेंद्र कुशवाहा, आशुतोष त्रिपाठी , पंचायत अधिकारी सर्वेश दीक्षित मौजूद थे ।अंत मे आयोजक राष्ट्रीय स्तर के कवि विश्वनाथ तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह ( साहित्य) भेट कर संम्मानित किया ।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का विदाई सम्मान समारोह


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बछौरा कंपोजिट के प्रधान शिक्षक रामकिशोर के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिसर में ही अरविंद शुक्ला, विजय शंकर श्रीवास्तव, रसना जायसवाल, गीता देवी, श्वेता तिवारी व कमल किशोर ने विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया। विदाई समारोह में उपस्थित एआरपी मनोज पटेल, प्रवीण कुमार, उमेश गुप्ता, मुकेश शुक्ला, रणंजय सिंह, फूलचंद, वीरेंद्र मिश्रा,रामकरन मौर्य, मंजू कनौजिया, आदि शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक रामकिशोर के सोलह साल के दीर्घकालीन सेवाकाल, उनके योगदान एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें बुके , अंगवस्त्र, पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वही प्राथमिक विद्यालय मुबारकपुर में स्वाती चौरसिया, एआरपी मनोज पटेल, नोडल संकुल रामकरन मौर्य, प्रवीण कुमार, दीप्ति, वदूद अहमद ग्राम प्रधान राजेश साहू आदि शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षक जाहिद अली के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि प्रधान शिक्षक जाहिद अली ने 23 जनवरी 2010 से 31 मार्च 2026 तक के लम्बे कार्यकाल में न केवल बच्चों को शिक्षा प्रदान की, बल्कि उनके भविष्य को भी संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक जाहिद अली को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षक के साथ साथ कई शिक्षक व छात्र भावुक भी नजर आए। दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गैस वितरण में उपभोक्ताओं ने लगाया मनमानी करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित शुक्लागंज इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने गैस वितरण में अनियमितता और मनमानी का आरोप लगाया है। बुधवार को बड़ी संख्या में पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें कई दिनों से गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद उन्हें गैस नहीं मिलती, जबकि एजेंसी परिसर में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। उन्होंने एजेंसी प्रबंधन पर मनमाने ढंग से वितरण करने और कुछ लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर देने का आरोप लगाया ।उपभोक्ताओं ने यह भी कहा कि गैस की कालाबाजारी की जा रही है, जिससे आम लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। गैस लेने पहुंचे कई मजदूरों ने बताया कि उन्हें रोजाना अपना काम छोड़कर एजेंसी आना पड़ता है। जिससे उनकी दिहाड़ी प्रभावित हो रही है और आर्थिक नुकसान हो रहा है। गैस न मिलने के कारण घरों में खाना बनाना भी मुश्किल हो गया है। महिलाओं ने भी एजेंसी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग की है ।मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मामले की तत्काल जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि एजेंसी में पर्याप्त गैस उपलब्ध है, तो उसका वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे सामूहिक प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में एजेंसी प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिली। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में संचालित निजी प्राइवेट विद्यालयों और कॉलेजों की मनमानी को लेकर अभिभावकों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। अभिभावकों का आरोप है कि कई निजी स्कूल संचालक मनमाने तरीके से फीस वसूल रहे हैं और छात्रों को जबरन विद्यालय से ही यूनिफॉर्म, किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है ।इसको लेकर अब अभिभावकों और सामाजिक लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अभिभावकों का कहना है कि उन्नाव शहर से लेकर पूरे जनपद में कई निजी विद्यालय और कॉलेज ऐसे हैं जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है कि वे किताबें और यूनिफॉर्म विद्यालय द्वारा निर्धारित दुकानों से ही खरीदें। आरोप है कि कई स्कूल संचालकों ने अपनी सेटिंग के माध्यम से किताबों और यूनिफॉर्म की दुकानों को तय कर रखा है, जहां से ही सामग्री खरीदने के लिए छात्रों और अभिभावकों को मजबूर किया जाता है। यही वजह है कि वही किताबें अन्य दुकानों पर उपलब्ध नहीं होतीं और अभिभावकों को मजबूरी में अधिक कीमत पर सामग्री खरीदनी पड़ती है।

अभिभावकों का यह भी कहना है कि विद्यालयों में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों, फंक्शन और अन्य गतिविधियों के नाम पर भी अतिरिक्त धनराशि वसूली जाती है। इसके अलावा फीस के मामले में भी कई विद्यालयों द्वारा मनमानी की जाती है।

यदि कोई छात्र देर से स्कूल पहुंचता है तो लेट फीस, और यदि किसी कारणवश छात्र अनुपस्थित हो जाता है तो अटेंडेंस या अन्य शुल्क के नाम पर भी अतिरिक्त पैसे वसूले जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं।

अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर हो रही इस तरह की मनमानी से वे आर्थिक रूप से परेशान हो जाते हैं, लेकिन बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की मजबूरी में उन्हें यह सब सहना पड़ता है। वहीं सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई अभिभावक संतुष्ट नहीं हैं, जिसके कारण वे निजी विद्यालयों की ओर रुख करते हैं।

जनपद के लोगों ने जिलाधिकारी और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि जिस प्रकार आगरा में जिला प्रशासन ने निजी विद्यालयों की मनमानी पर सख्त रुख अपनाते हुए मनमानी फीस वसूली और जबरन यूनिफॉर्म व किताबें विद्यालय से खरीदने की व्यवस्था पर रोक लगाई है, उसी तरह उन्नाव में भी सख्त कार्रवाई की जाए।

लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाता है तो अभिभावकों को बड़ी राहत मिल सकती है और शिक्षा के नाम पर हो रही मनमानी पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

# मॉडल शॉप में चोरी की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव शहर के मोती नगर स्थित एक मॉडल शॉप में चोरी की घटना सामने आई है। एक युवक स्कैनर मशीन चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।जानकारी के अनुसार, मोती नगर स्थित मॉडल शॉप पर सामान्य दिनों की तरह ग्राहकों की आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुआ। वह कुछ देर तक दुकान के अंदर घूमता रहा और कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर रखता रहा ।वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि युवक ने मौके का फायदा उठाते हुए काउंटर के पास रखी स्कैनर मशीन को चुपचाप उठाया। उसने मशीन को अपने कपड़ों में छिपाया और दुकान से बाहर निकल गया ।दुकान कर्मचारियों को चोरी की जानकारी तब हुई जब बिलिंग के दौरान स्कैनर मशीन नहीं मिली। कर्मचारियों ने तुरंत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें युवक की पूरी हरकत स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इसके बाद दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दी ।घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने युवक की पहचान करने की कोशिश शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारियों में भी इस घटना को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है ।सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के आधार पर युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आसपास लगे अन्य कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी के आने और जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। पुलिस ने दुकानदारों से सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की अपील की है। साथ ही बाजार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की बात भी कही गई है।

# साइबर ठगी के शिकार युवक को पुलिस ने दिलाया पूरा पैसा वापस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।साइबर ठगी के मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए गंगाघाट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना गंगाघाट की साइबर टीम ने ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति की 1,07,201 रुपये की पूरी धनराशि वापस कराकर उसके खाते में रिफंड करा दी। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्लागंज के अवधपुरी डाकतार कॉलोनी निवासी राम मिलन रावत के साथ ऑनलाइन ठगी की घटना हुई थी। पीड़ित ने बताया कि 2 मार्च 2026 को उसके खाते से यूपीआई के माध्यम से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1,07,201 रुपये की धोखाधड़ी कर ली गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर छह अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराईं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में गंगाघाट थाना पुलिस की साइबर टीम ने तत्काल जांच शुरू की। टीम ने तकनीकी माध्यमों से संबंधित खातों और लेन-देन का पता लगाया तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए फ्रीजिंग और समन्वय की प्रक्रिया अपनाई। लगातार प्रयासों के बाद 1 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने ठगी की गई पूरी 1,07,201 रुपये की रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित राम मिलन रावत और उनके परिवार ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पीड़ित परिवार ने थाना गंगाघाट प्रभारी अजय कुमार सिंह और उनकी टीम की जमकर सराहना की। परिवार का कहना है कि पुलिस की तत्परता और मेहनत के कारण ही इतनी बड़ी रकम वापस मिल सकी।

वहीं इस पूरे मामले पर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि जनता की सेवा करना और उन्हें सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। साइबर अपराध के मामलों में पुलिस लगातार सक्रिय है और आगे भी इसी तरह पीड़ितों की मदद करती रहेगी। इस सराहनीय कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र तथा महिला आरक्षी समरीन बानो की प्रमुख भूमिका रही।

गंगाघाट कोतवाली थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल या नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते धनराशि को सुरक्षित कराया जा सके और ठगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## सम्पादकीय

# चुनाव में नारी ही 'नारायणी'

देश में अगले महीने होने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में महिला मतदाता अब केवल संख्या नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों की रणनीतियों का केंद्र अब 'नारी शक्ति' ही है, जिसे कभी 'नारायणी' तो कभी 'तारणहार' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या फिर चुनावी लाभ का सुनियोजित गणित? पांच राज्यों के चुनावी परिदृश्य पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि चार राज्यों तमिलनाडु, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में सरकारों और दलों ने महिलाओं को सीधे नकद सहायता देने की योजनाओं पर बड़ा दांव लगाया है। इन योजनाओं के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा रहे हैं। तमिलनाडु में 2-2 हजार रुपये का विशेष पैकेज, असम में बिहू के अवसर पर 4-4 हजार रुपये, केरल में मासिक सहायता के रूप में एक-एक हजार और पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना, ये सभी उदाहरण इस नए चुनावी ट्रेंड को दर्शाते हैं। इन योजनाओं का दायरा भी कम नहीं है। चारों राज्यों में लगभग 4.1 करोड़ महिलाएं इनका लाभ ले रही हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 23% हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। यही कारण है कि पिछले 5 वर्षों में ऐसी नकद हस्तांतरण योजनाओं वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है और कुल मिलाकर 13 करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का एक सकारात्मक पक्ष भी है। ये महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए यह सहायता जीवन स्तर सुधारने, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने में सहायक बन सकती हैं। हरियाणा की 'लाडो लक्ष्मी', मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना' या कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं ने यह दिखाया है कि यदि सही ढंग से लागू हों, तो ये योजनाएं राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही गंभीर है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं के बढ़ते बोझ का असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। कई राज्यों को अपने विकास कार्यों में कटौती करनी पड़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च घटाने के उदाहरण सामने आए हैं। 'मुफ्त योजनाओं' की बढ़ती प्रतिस्पर्धा एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो दीर्घकाल में आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण को केवल नकद सहायता तक सीमित न रखा जाए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा, जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर मिलें। आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना कहीं अधिक स्थायी समाधान हो सकता है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनावों में नारी आज 'नारायणी' बन चुकी हैं। परंतु यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लाभ का माध्यम न बन जाए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि मतदाता अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक विकास और सुशासन को प्राथमिकता दें। तभी सच्चे अर्थों में नारी शक्ति का सम्मान और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।



संभावनाएं
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने का अवसर

वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है।

इन दिनों वैश्विक शिक्षा केंद्रों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में भारत के वैश्विक शिक्षा के नए केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 25 मार्च को वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए



पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है।

इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढ़कर 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में प्रकाशित अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट मार्च 2026 के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के द्वारा परमानेंट रेजिडेंट और टेंपरेरी वीजा मंजूरी में साल भर पहले की तुलना में 11 फीसदी की कमी आई है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमेरिका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से सम्बद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुट्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे।

भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिज़ाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश की यूनिवर्सिटीज को उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रयोगशालाओं में निरंतर निवेश, वैश्विक संस्थानों के साथ आसान सहयोग, नियामक ढांचों के लिए कठोर मानकों के साथ यूनिवर्सिटिज को अधिक स्वायत्तता से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार पश्चिम एशिया युद्ध से बदलती हुई दुनिया में भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो।

स्वास्थ्य
बाल मुकुन्द ओझा



# घटिया और नकली दवाओं से बिगड़ रही देश की सेहत

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है। भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नज़र में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है कि जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है, तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती हैं। रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जांच में फेल होने पर लोग सकते में है। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में साफतौर पर जाहिर किया है कि बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए दवाइयों की




जांच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयों को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर-घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई हैं अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई हैं। ये दवाइयां असली हैं या घटिया अथवा नकली, ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आए दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही हैं। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी-बुखार और जुकाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंडएनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है।

## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य होता है ज्ञानी



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते ही बढ़ भी जाती है।

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### आम जन को समझदारी बरतनी होगी

ईरान और इजरायल युद्ध के कारण हमारा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग सभी देश पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी आने के कारण चिंता में हैं। लगभग सभी देश यहीं से आने वाले कच्चे तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर निर्भर हैं। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए देश के लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग इन चीजों को लेकर अफवाहों को फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन अफवाहों के कारण कुछ लोग इन चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इन चीजों का उपयोग आम जन को समझदारी से करना होगा।

*- सांकेत अग्रवाल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइल इंजन का किया परीक्षण

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को बढ़ाने वाला घटनाक्रम बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण संभवत: इस बात का संकेत है कि किम ऐसी मिसाइलों के जखीरे का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना चाहते हैं जो अमेरिका की मुख्यभूमि तक पहुंचने में सक्षम हो। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे



## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं– आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है।

## ट्रेंड

### मछुआरों पर गर्व



हमें अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को विशेष रूप से दर्शाया गया है जो यह दिखाते है कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे रहा है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### फिटनेस पर ध्यान दें



मेरा हमेशा से यह आग्रह रहा है कि आप सभी अपनी फिटनेस पर जरूर ध्यान दें। 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर अब 100 दिवस से भी कम दिन बचे हैं, वैश्विक स्तर पर योग को दुनियाभर में बढ़ावा मिल रहा है। हमें खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी और शुगर इंटेक को कम करना होगा।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### पीड़ितों को न्याय नहीं



ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। बीते 10 सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपमान, हिंसा और हत्या- बीजेपी शासित गुजरात में दलितों, आदिवासियों की यही हकीकत बना दी गई है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी



भाजपा राज में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी का इन्सिनेरेटर पूरी तरह जंग खाकर जर्जर हो चुका है। ऐसे में यदि संक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाला मेडिकल कूड़ा-कचरा सही तरीके से भस्म नहीं किया जाएगा तो वो स्वयं बीमारियों का कारण बनेगा।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## संक्षेप

### तीन मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार

**लूट का फोन और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद, युवक से की थी लूट**

अमेठी, पुलिस ने मोबाइल लूट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटा गया एक मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों बदमाशों को जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह मामला इन्हौना थाना क्षेत्र के दुलहिन मजरे आजादपुर गांव का है। यहां एक दिन पहले बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया था और फरार हो गए थे।पुलिस ने फोन बरामद किया घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। आज दोपहर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इन तीनों शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लुटेरों की पहचान कुलदीप पुत्र सुखराज (निवासी बाबा गोसाई का मठ, शिवरतनगंज), शिवा पुत्र देवतादीन (निवासी पिंडारा, शिवरतनगंज) और अमन पुत्र राकेश (निवासी खरगुल, शिवरतनगंज) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से लूटा गया मोटोरोला मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

### किसान का बेटा बना डिप्टी जेलर

**यूपीएससी में तीसरे प्रयास में मिली सफलता, बीबीडी लखनऊ से की बीटेक**

अमेठी , गौरीगंज तहसील क्षेत्र के इटौजा गांव निवासी रजनीश विक्रम सिंह ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें डिप्टी जेलर के पद पर तैनात किया जाएगा। यूपीएससी का परिणाम देर रात जारी किया गया।एक किसान के बेटे रजनीश ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्हें यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। रजनीश के पिता भगवानबक्श सिंह एक किसान हैं, जिन्होंने अपने बेटे को पढ़ाने के लिए अथक परिश्रम किया। रजनीश की प्रारंभिक शिक्षा गौरीगंज के शिव महेश इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई थी। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई शिव प्रताप इंटर कॉलेज अमेठी से की, जहां उन्होंने 2007 में इंटरमीडिएट में टॉप किया था। रजनीश ने बीबीडी लखनऊ से बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। इससे पहले, वह दो बार यूपीएससी मेन्स परीक्षा दे चुके थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

### मोहनगंज पुलिस ने 30 वर्षीय वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया

**326(छ) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में हुई गिरफ्तारी**

अमेठी , मोहनगंज पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 30 मार्च 2026 को अमेठी जिले में हुई। अभियुक्त की पहचान 30 वर्षीय राहुल पुत्र देवतादीन के रूप में हुई है, जो पूरे भूपसिंह मजरे छीछा, थाना मोहनगंज का निवासी है।

राहुल को मु0अ0सं0 77/26 धारा 326(छ) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में वांछित था।

# एसडीएम नानपारा मोनालिसा की सराहनीय पहल

## सेवानिवृत्त होमगार्ड को दी अनोखी भावपूर्ण और यादगार विदाई

**एसडीएम मोनालिसा की पहल ने जीता सभी का दिल**

**सम्मान पाकर भावुक हुआ होमगार्ड, बोला यह पल अविस्मरणीय**

**तहसील परिसर में दिखा अपनत्व और गरिमा का संगम**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। नानपारा तहसील में बुधवार को प्रशासनिक संवेदनशीलता, मानवीयता और आत्मीयता का एक बेहद भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब एसडीएम मोनालिसा ने सुरक्षा में तैनात एक होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर उस पूरे सम्मान, गरिमा और स्नेह के साथ विदाई दी। आमतौर पर सेवानिवृत्ति एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह जाती है, लेकिन तहसील नानपारा में पहली बार इस अवसर को एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने एक यादगार और दिल छू लेने वाले समारोह में बदल दिया जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। तहसील परिसर में आयोजित इस विदाई समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक गरिमामय बना दिया। समारोह के दौरान एसडीएम मोनालिसा ने सेवानिवृत्त होमगार्ड के सेवाकाल को याद करते हुए उनके समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की खुलकर सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कर्मचारी की सेवा केवल उसकी ड्यूटी तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह अपने कार्यों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक छाप छोड़ता है। सम्मान के इस पल में जब सेवानिवृत्त होमगार्ड को शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्प देकर सम्मानित किया गया तो उसकी आंखें नम हो गईं। भावुक होते हुए उसने एसडीएम मोनालिसा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उसने अपने पूरे सेवाकाल में इस तरह के सम्मान की कभी कल्पना नहीं की थी। उसने कहा कि यह पल उसके जीवन का सबसे अनमोल और अविस्मरणीय क्षण रहेगा, जिसे वह जीवनभर संजोकर रखेगा इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि नेतृत्व संवेदनशील और मानवीय हो तो प्रशासन केवल नियमों तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह लोगों के दिलों से भी जुड़ जाता है। एसडीएम मोनालिसा की यह पहल न केवल एक कर्मचारी की गरिमामय विदाई का उदाहरण बनी बल्कि इसने प्रशासन और कर्मचारियों के बीच आपसी सम्मान, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान की। उनकी यह कार्यशैली यह संदेश देती है कि उच्च पद पर रहते हुए भी मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सकती है। इस सराहनीय पहल की तहसील परिसर में मौजूद सभी लोगों ने मुक्तकंठ से एसडीएम की प्रशंसा की और इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक उत्कृष्ट मिसाल बताया। निस्संदेह, एसडीएम मोनालिसा का यह कदम अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणादायक है जो यह सिखाता है कि एक छोटा सा मानवीय प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ी खुशी और सम्मान का कारण बन सकता है।

# भूमि के प्रतिकर निर्धारण हेतु अधिकारियों की टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

## बाराबंकी-बहराइच सेक्शन के फोरलेन के लिए होगा चौड़ीकरण

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। नगर मजिस्ट्रेट/सक्षम प्राधिकारी (भू.अ.)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच राजेश प्रसाद ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 के फोरलेन (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) चौडीकरण हेतु तहसील कैसरगंज के 05 ग्राम तप्पेसिपाह, आदमपुर, झुकिया, मुस्ताफाबाद, रिठौडा के धारा-3डी के प्रकाशन की कार्यवाही हो चुकी है। अर्जन प्रभावित काश्तकारों से दावें प्राप्त किये जा चुके है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि 05 ग्रामों की अधिग्रहीत की जा रही भूमि का बाजारू मूल्य निर्धारित किये जाने हेतु ग्राम की योजना प्रभावित भूमि का भौतिक सत्यापन उपजिलाधिकारी कैसरगंज, तहसील कैसरगंज की राजस्व टीम, एनएचआई की टीम व भूमि अध्याप्ति कर्मियों द्वारा किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरानए यह भी देखा गया है कि प्रभावित भू-खण्डों के अर्जन प्रभावित क्षेत्रफल में कोई परिसम्पत्ति है अथवा नही है। नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रसाद ने बताया कि अर्जन प्रभावित भू-खण्डों के स्थलीय सत्यापन के उपरान्त अधिनिर्णय आदेश पारित होगा तथा कृषकों प्रभावित भूमि के प्रतिकर की कार्यवाही की जायेगी। नगर मजिस्ट्रेट ने यह भी बताया कि मौके पर अर्जन निकाय के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अर्जन प्रभावित भू-खण्डों में स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन विशेषज्ञ विभाग से कराये जाने हेतु अपने स्तर से प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करे। जिससे परिसम्पत्तियों के मूल्यांकन की कार्यवाही में विलम्बित न हो।

# आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले कीटनाशी विक्रेता व विनिर्माताओं का लाइसेंस होगा निरस्त

**एक अप्रैल से प्रभावी हुआ नियम, एक हफ्ते के बाद लाइसेंस होगा निरस्त**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कीटनाशक विक्रेताओं एवं विनिमार्ताओं को आईपीएमएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च रखी गई थी इसके बाद भी जनपद के काफी संख्या में किसानों ने पंजीकरण नहीं कराया है अब उन्हें मात्र एक हफ्ते का समय दिया गया है यदि एक हफ्ते के अंदर उन्होंने अपना पंजीकरण संबंधित पोर्टल पर नहीं कराया तो उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उपरोक्त जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा ने दी।भारत सरकार द्वारा विकसित एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली जिस पर इंटीग्रेटेड पेस्टिसाइड मैनेजमेंट सिस्टम पर 31 मार्च 2026 तक जनपद के समस्त कीटनाशी, विक्रेताओं तथा विनिमार्तों का पंजीकरण करना अनिवार्य किया गया।यह जानकारी देते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानंदा ने बताया कि आईपीएमएस पोर्टल पोर्टल पर पंजीकरण हेतु जनपद के सभी कीटनाशी विक्रताओं / विर्निमाताओं को पूर्व में कई बार अवगत कराया गया है तथा इस सम्बंध में उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। पोर्टल का यूआरएल वेब एड्रेस है जिस पर पंजीकरण होना है।जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि एक अप्रैल से अंपजीकृत विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित कर दिया जायेगा जिससे वह अपना प्रतिष्ठान पर किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय नहीं कर पायेंगे। ऐसे विक्रेताओं को एक सप्ताह का और समय दिया जायेगा इसके बाद भी यदि वे पंजीकरण नहीं कराते हैं तो उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक, लगी पुरस्कारों की झड़ी

## जरवल के प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाडीह मे बीएसए ने नये सत्र के लिये स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

**विद्यालय के अतिरिक्त कक्षा कक्ष उदघाटन के साथ वार्षिक पत्रिका का हुआ विमोचन**

**अभिभावकों से अपने पाल्य का दाखिला कराने की अपील**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। बुधवार को विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाडीह में वार्षिकोत्सव व मेधावी छात्र सम्मान का कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी कला व प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे मुन्नों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियो से वहां मौजूद अतिथियों की खूब तालियां बटोरी।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह कहा, ‟गांव के सरकारी स्कूलों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास व रचनात्मकता को बढ़ाने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए वार्षिक परीक्षा के मेधावियों को मेडल, पुरस्कार के साथ अंकपत्र वितरित किये। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी विनय शुक्ल ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय परिसर में नीम के पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता का सन्देश भी दिया।इसके साथ ही बीएसए द्वारा नये शैक्षिक सत्र की शुरूआत के अवसर पर नई कक्षा में नामांकन हेतु आये बच्चों का स्वागत स्कूल चलो अभियान के तहत पुष्पवर्षा करके किया गया। कार्यक्रम में उनके द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से शिक्षकों व बच्चों ने गांव-गांव जाकर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली निःशुल्क सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ऋचा त्रिपाठी व शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने आयोजन में आये हुए लोगो का आभार व्यक्त किया।

# कतर्नियाघाट में मादा हाथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**ग्रामीण वन विभाग की गस्त पर लगा रहे सवालिया निशान**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच।कतर्नियाघाट के जंगल में वन विभाग की गस्ती टीम को नाले के किनारे एक मादा हाथी का शव मिलने पर वन विभाग में हड़कंप मच गया।हाथी के शव मिलने की सूचना कतर्नियाघाट के रेंजर आशीष गौड ने उच्चाधिकारियों को दी जिसके बाद मंगलवार की सुबह एफडी दुधवा ,डीएफओ एसडीओ कतर्नियाघाट पूरे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुधवा के पशु चिकित्सक डा तल्हा एवं डा दीपक की तीन सदस्यीय डाक्टरों की टीम के द्वारा मृत हांथी के शव का पोस्टमार्टम कर विसरा को सुरक्षित रख शव को जंगल में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया गया । संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हाथी की मौत के बाद से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी ग्रामीणों में चर्चा है कि हाथी का शव कई दिन पुराना है कई दिनों से दुर्गंध भी आ रही थी वहीं वन विभाग इसे स्वाभाविक मौत बता रहा है वही देखा जाए तो वन विभाग की सक्रियता और गश्ती दल पर लोग सवालिया निशान उठा रहे हैं। वही वन विभाग के अधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद हाथी का बिसरा जांच के लिए बरेली भेज दिया है।मृत हाथी की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है।

# मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत बच्चो को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के चंदनखेडा स्थित पंडित प्रेम शँकर त्रिपाठी गर्ल्स इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति व एंटीरोमियो टीम द्वारा बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुना गया और महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए बालिकाओं व को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930, 1098,181, 1930 आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमंगला योजना, आदि योजनाओं एवं साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला आरछी कंचन ,अर्चना , वर्षा रानी रूबी , रोहित यस आई केशव दुवेदी मौजूद रहे ।

# पथरी का ऑपरेशन कराने गई महिला टीचर की मौत

## डॉक्टर बोले- एनेस्थीसिया दिया तो हार्ट बीट रुकी; परिवार बोला- ओवरडोज से जान गई

अमन लेखनी समाचार



शाइस्ता इश्तियाक, मृतका

अलीगढ़ , प्राइवेट अस्पताल में एक महिला टीचर (45) की मौत हो गई। वह पथरी का ऑपरेशन कराने पहुंचीं थीं। मौत के बाद परिजन भड़क गए। अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। विवाद बढ़ा और बात हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत की। परिजनों को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि एनेस्थीसिया का ओवरडोज दिया गया। उन्होंने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं, अस्पताल प्रशासन ने आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि ऑपरेशन से पहले बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया था। इसके बाद अचानक दिल की धड़कन रुक गई। सही वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगी। घटना क्वार्सी थाना क्षेत्र के धौर्रा इलाके की है। मृतका के चचेरे भाई मकसूद ने बताया- ऊपरकोट इलाके में सैयद अमजद अली अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह परचून की दुकान चलाते हैं। उनकी पत्नी शाइस्ता इश्तियाक (45) अलीगढ़ पब्लिक स्कूल में इंग्लिश टीचर थीं। उनके दो बच्चे हैं। बेटे ने इसी साल 12वीं और बेटी ने 10वीं की परीक्षा दी है। शाइस्ता पिछले 12 साल से कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ा रही थीं। ही उन्होंने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड तैयार किए थे। ढळट में पैरेंट्स से मुलाकात भी की थी। उनके गॉल ब्लैडर में पथरी थी। वह अक्सर कहती थीं कि यह छोटा सा ऑपरेशन है। जल्द ही ठीक होकर वापस स्कूल आ जाएंगी।

### सामान्य हालत में भर्ती, इलाज में हुई लापरवाही

मकसूद ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे शाइस्ता को ऑपरेशन के लिए अस्पताल लाया गया था। उस समय वह पूरी तरह ठीक थीं। सुबह 11 बजे डॉक्टर सरफराज ने एनेस्थीसिया दिया। इसके करीब 15 मिनट बाद, 11:15 बजे उनकी हालत बिगड़ने लगी। कुछही देर में उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण उसकी मौत हुई। जब उन्होंने अस्पताल प्रशासन से शिकायत करने की कोशिश की, तो उन्हें रोका गया। विरोध करने पर अस्पताल स्टाफ ने परिजनों के साथ हाथापाई भी की।

# तकनीकी सहायक की पुत्री बनी वाणिज्य कर अधिकारी।

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव‟होनहार बिरवान के होत चिकने पात‟ इस कहावत को विकास खंड पुरवा में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत रहे ज्ञानेंद्र सचान की इकलौती पुत्री ने चरितार्थ करके दिखा दिया।लोकसेवक के नाते पहले नायब तहसीलदार फिर पंचायती राज अधिकारी के बाद अब वाणिज्य कर के पद पर चयन हुआ है।पुत्री को मिली उपलब्धि से न सिर्फ माता पिता बेहद खुश हैं बल्कि सभी शुभचिंतकों में भी जबरदस्त खुशी देखी जा रही है।

सनद रहे कि ज्ञानेंद्र सचान पुरवा विकास खंड में तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत हैं बेहद सरल और मिलनसार सचान की संतानों में से सिर्फ एक पुत्री प्रज्ञा सचान है जैसा नाम वैसा काम परिजनों की मानें तो प्रज्ञा सचान बचपन से ही बहुत होनहार थी।छात्र जीवन से लेकर सरकारी सेवा तक की यात्रा को प्रज्ञा जहां अपने पिता ज्ञानेंद्र सचान व माता सरला सचान को सारा श्रेय देती हैं वहीं अपने बाबा स्व शिवकुमार सचान को प्रेरणाश्रोत मानती हैं प्रज्ञा ने कहा कि हमारे माता पिता ने सदैव हमारा साथ दिया।2021 में वह नायब तहसीलदार बनी और उन्नाव में नियुक्ति मिली। बिहार पीसीएस में पंचायती राज अधिकारी बनी वर्तमान में गोपाल गंज में पंचायती राज अधिकारी के पद पर तैनात हैं उ प्र पीसीएस 2024 के फाइनली रिजल्ट में उनका ग्रुप ए में वाणिज्य कर के पद पर चयन हुआ है।आज की युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए प्रज्ञा ने कहा कि प्रत्येक को अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए सफलता जरूर मिलेगी बिटिया को मिली सफलता को लेकर सचान परिवार सहित सभी प्रियजन खुश हैं।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**देवल्दी एमडी फैक्ट्री मामले में 2 साल से फरार आरोपी पकड़ा गया**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए देवल्दी एमडी फैक्ट्री मामले में 25 हजार रुपए के इनामी वांछित साहिल पुत्र सलीम खान (25) को गिरफ्तार किया है। आरोपी साहिल दो साल से फरार चल रहा था। वह देवल्दी, थाना अरनोद का निवासी है। यह गिरफ्तारी जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ बी. आदित्य के निर्देशन में की गई। यह मामला 16 दिसंबर 2024 का है। उस दिन थानाधिकारी अरनोद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्राइम ब्रांच जयपुर से मिली सूचना पर देवल्दी गांव के टापरिया रास्ते पर दबिश दी थी।दबिश के दौरान पुलिस ने 11.450 किलोग्राम एमडीएमए, 14.770 किलोग्राम लिक्विड केमिकल, 4.900 किलोग्राम अन्य केमिकल और 2 किलो 500 ग्राम सफेद पाउडर जब्त किया। पुलिस ने एमडीएमए बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी बरामद किए। इनमें इलेक्ट्रॉनिक कांटा, तीन स्टील के खाली जरिकेन, रबर के दस्ताने, मास्क, विभिन्न क्षमता के मापने वाले मग, एक बड़ा स्टील का भगोना, चम्मच और बिजली से चलने वाली 10 दही बिलोने की मशीनें शामिल थीं। इस मामले में पुलिस ने पहले ही याकूब और जमशेद उर्फ जम्मु को गिरफ्तार कर लिया था।

# पुलिस ने एक साल से फरार एनडीपीएस अभियुक्त पकड़ा

## ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई, रठांजना पुलिस ने दी दबिश

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई की है। रठांजना थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर की गई। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जौधा और पुलिस उप अधीक्षक गजेंद्र सिंह राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हरिवल्लभ शर्मा (49) पुत्र सूरजमल शर्मा निवासी बोरी, थाना रठांजना, जिला प्रतापगढ़ के रूप में की गई है।

### एक साल से वांछित था आरोपी

हरिवल्लभ शर्मा के खिलाफ पुलिस थाना स्वरूपगंज, जिला सिरोही में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 15, 29 के तहत प्रकरण संख्या 82/2025 दर्ज है। वह इस मामले में पिछले एक साल से वांछित था।

### घर आने की पुलिस को मिली थी सूचना

रठांजना थानाधिकारी और डीएसटी टीम को सूचना मिली थी

# संक्षेप

## एसडीएम का ड्राइवर एक लाख की रिश्वत के साथ गिरफ्तार

### खेकड़ा में जमीन की कुरेबंदी के लिए मांगी थी रिश्वत, जांच जारी

बागपत , खेकड़ा तहसील में एसडीएम के निजी ड्राइवर निशु को एंटी करप्शन टीम ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई सोमवार दोपहर खेकड़ा तहसील परिसर में की गई।निशु खेकड़ा एसडीएम की गाड़ी चलाता था।भगोट गांव निवासी अक्षय कुमार ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। अक्षय कुमार की गांव के मुख्य मार्ग के पास जमीन है, जिसकी कुरेबंदी का मामला एसडीएम कार्यालय में विचाराधीन है।शिकायतकर्ता अक्षय कुमार का आरोप है कि एसडीएम के कहने पर ही निशु ने उनसे बातचीत शुरू की थी।शुरूआत में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी।बाद में एक लाख रुपये पर सहमति बनी, जिसमें आधी रकम पहले और आधी बाद में देने की शर्त रखी गई।अक्षय कुमार ने इस मामले की जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी।टीम ने योजना बनाकर सोमवार दोपहर निशु को खेकड़ा तहसील से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम निशु को खेकड़ा थाने ले गई, जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।अधिकारी इस पूरे मामले की गहन छानबीन कर रहे हैं।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते चार गिरफ्तार

### पुलिस ने 6770 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए

बागपत ,पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके कब्जे से 6770 रुपये नकद और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। उप निरीक्षक शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर चार आरोपियों को रंगे हाथों जुआ खेलते हुए पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पुराना कस्बा बागपत निवासी भीम, नीरज, अकरम और साजिद के रूप में हुई है।पुलिस ने इनके पास से 52 ताश के पत्ते, एक डायरी और 6770 रुपये नकद बरामद किए।बरामद सामान को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सनुज कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप दहिया और शोकेंद्र सिंह, कांस्टेबल कोमल सिंह और सचिन कुमार की टीम शामिल रही।

## दो दिन बाद बारिश के आसार

### 33 डिग्री पहुंचा दिन का तापमान, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मिलेगी राहत

मेरठ , इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है।बीते कुछ दिनों से लगातार तेज धूप और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में उछाल दर्ज किया गया है, जिससे लोगों को दिन के समय गर्मी का तीखा अहसास हो रहा है। खासकर दोपहर के समय हालात ऐसे बन रहे हैं कि बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में इस बढ़ोतरी के साथ ही धूल और प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ा है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर शिक्षा सत्र रैली का किया शुभारंभ

## शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय पहुंचे नवकुसुमों का हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। नवीन शिक्षा सत्र के प्रारंभ होते ही बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही मुहिम के आधार पर नन्हे मुन्ने बच्चों का भव्य स्वागत किया गया जनपद के मिऊठौरा विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनापुर पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस स्कूल चलो अभियान रैली रवाना किया विद्यालय पहुंचे मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी दीप्ति रिछारिया का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सबिया सईद शिक्षिका नीतू सिंह आदि सभी शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया पहुंचे अधिकारी ने विद्यालय के प्रथम दिवस नव आगंतुक बच्चों का उत्साह वर्धन किया इस मौके पर विद्यालय की अन्य शिक्षिका ममता मिश्रा श्रद्धा गौर निधि त्रिपाठी आशा वर्मा तथा शिक्षामित्र अजय समेत अभिभावक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे ठीक इसी प्रकार सदर बहुआ हसवा तेलियानी भिटौरा देवमई मलवां खजुहा अमौली समेत सभी विकासखंडों के प्राथमिक उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस नव आगंतुक बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया

### पीएम श्री सुल्तानपुर ने निकाली रैली

जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत संचालित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला की अगुवाई में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकालकर आम जनमानस को प्रेरित किया गया वहीं विद्यालय पहुंचे नवप्रवेशी बच्चों का प्रधानाध्यापिका द्वारा रोली टीका लगाकर भव्य स्वागत किया गया विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा 5 के बच्चों को उपहार देकर विदाई की गई वहीं सभी कक्षाओं के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान अपने वाले बच्चों को विद्यालय में मौजूद अभिभावक संघ अध्यक्ष मिथलेश देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया इस मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक जैसे रविंद्र अमरेंद्र नेहा महेजबीन आदि ने भी बच्चों का स्वागत किया

### नवीन शिक्षण सामग्री का हुआ वितरण

जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के निर्देशन पर कस्बे के प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तारापुर बाबूपुर नरैचा बिरनई बेहटा जजमोइया कुलखेड़ा कंजरडेरा सरहन बंबुरिहापुर गोहरारी सिकंदरपुर गौरी औंरा तथा प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर समेत सभी विद्यालयों में नये शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस बच्चों का स्वागत रोली चंदन से विद्यालय परिवार द्वारा किया गया अनेक विद्यालयों में पहुंचे एआरपी शिक्षक सुशील कुमार शैलेंद्र सचान आदि ने बच्चों को नवीन सत्र की पुस्तक शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए उत्साहवर्धन किया वही विद्यालय में शिक्षा को पूर्ण कर लेने वाले बच्चों को उपहार स्वरूप प्रतीक चिन्ह आदि भेंट कर भावभीनी विदाई की गई।

# प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर की होनहार छात्रा का चयन आश्रम पद्धति विद्यालय में

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर,जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र का नाम जनपद प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में रोशन करने वाले प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर की छात्रा हिमानी पटेल का चयन आश्रम पद्धति विद्यालय जनपद कौशांबी में हुआ जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी समेत सभी शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी प्रधानाध्यापक ने बताया कि जनपद कौशांबी में संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय पूर्ण रूप से सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित है प्रतिभागी परीक्षा में सम्मिलित होने के पश्चात छात्रा ने पिछड़ा वर्ग में सातवीं रैंक हासिल करते हुए विद्यालय समेत अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया विद्यालय की शिक्षा पर्यावरण साज सज्जा तथा अन्य व्यवस्थाएं वास्तव में एक अलौकिक दृश्य प्रस्तुत करती है विद्यालय के होनहार बच्चे आश्रम पद्धति नवोदय समेत प्रतिवर्ष अनेक प्रतिभागी परीक्षाओं में भाग लेते हैं तथा स्थान प्राप्त करते हुए जनपद में विद्यालय को गौरवान्वित करते हैं विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर को कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश कि राष्ट्रपति से भी सम्मान प्राप्त हो चुका है

# महाराजा सूरजमल की मूर्ति से 'जाट' शब्द हटाया

### सरधना विधायक अतुल प्रधान बोले– ये गलत हुआ, विधानसभा में उठाएंगे मुद्दा

अमन लेखनी समाचार

सरधना , सरधना के सकोती टांडा स्थित हितकारी इंटर कॉलेज में महाराजा सूरजमल की मूर्ति के अनावरण के बाद विवाद उत्पन्न हो गया।जाट समाज ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन द्वारा मूर्ति से जाट शब्द हटा दिया गया था।इस कार्रवाई के विरोध में जाट समाज के लोग धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने जाट शब्द को दोबारा लगवाने के लिए समय मांगा। प्रशासनिक अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस घटना को गलत बताते हुए कहा कि यदि ₹जाट शब्द हटाया गया है, तो वह इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। विधायक ने जोर देकर कहा कि सरकार किसी एक जाति के आधार पर नहीं चल सकती और वह पूरे क्षेत्र के विधायक हैं। विधायक अतुल प्रधान ने देश की आजादी से लेकर हर संघर्ष में जाट समाज के लोगों के योगदान और



बलिदान की सराहना की।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो महाराजा सूरजमल के प्रति उनके सम्मान को दशार्ती है।

# 'स्मार्ट मीटर समय की मांग, इसका समय आ चुका'

### स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं को लेकर पीवीवीएनएल एमडी ने बुलाई प्रेसवार्ता, पूरी व्यवस्था पारदर्शी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,स्मार्ट मीटर समय की व्यवस्था है। अब इसका समय आ चुका है। पीवीवीएनएल के अंतर्गत आने वाले 14 जनपदों में लगभग 80 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने हैं, जिन पर तेजी से काम किया जा रहा है।यह बात ऊर्जा भवन में बुलाई गई पत्रकार वार्ता के दौरान पीवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अगर समय से अपने मीटर को रिचार्ज करता रहेगा तो उन्हें किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना होगा।



### पहले एक नजर डालते हैं पूरे मामले पर

स्मार्ट मीटर को लेकर पिछले 15 दिन से जगह-जगह हंगामें हो रहे हैं। बिजली घरों का घेराव किया जा रहा है। आरोप थे कि माइनस में बिजली का बिल जाते ही कनेक्शन कट रहे हैं और बिल जमा करने के 8 से 10 घंटे बाद तक भी वह रिस्टोर नहीं हो रहे हैं। कई जगह तो हालत इतनी खराब हो गए कि पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। व्यापारियों के एक वर्ग ने तो इसका विरोध कर दिया और चीफ इंजीनियर दफ्तर पर धरने पर बैठ गए।

### एमडी को खुद संभालती पड़ी कमान

लगातार हो रही इन घटनाओं की गूंज लखनऊ तक पहुंची।इसके बाद सोमवार को खुद प्रबंध निदेशक पीवीवीएनएल रवीश गुप्ता को मीडिया के सामने आना पड़ा। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर को लेकर दुष्प्रचार हो रहा है जबकि यह उपभोक्ताओं के लिहाज से बेहद कारगर व्यवस्था है। उपभोक्ता अगर इसे सही से समझ ले तो उनके लिए इससे बेहतर ऑप्शन नहीं हो सकता। जीरो नहीं होने दे अपना बैलेंसप्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर एक-एक यूनिट का हिसाब रखता है। आमतौर पर उपभोक्ताओं को हिसाब रखने में दिक्कत होती है लेकिन स्मार्ट मीटर में यह पूरी व्यवस्था पारदर्शी है।उपभोक्ता मीटर को रिचार्ज करते रहें और निर्बाध आपूर्ति का लाभ लेते रहें।उनको करना केवल इतना है कि अपने मीटर के बैलेंस को शून्य या नेगेटिव में नहीं जाने देना।डिस्कनेक्शन के लिए 3 दिन र्निधारित प्रबंध निदेशक ने कहा कि अगर किसी स्मार्ट मीटर का बैलेंस तीन दिन तक नेगेटिव में जाता है तो ही वह डिस्कनेक्ट होगा।इस 3 दिन की अवधि में उपभोक्ता के पास डिपार्टमेंट के मैसेज जाते रहेंगे ताकि वह स्थिति को समझ कर समस्या बढ़ने से पहले ही बाहर आ जाए। खास बात यह है कि गजेटेड हॉलीडे वाले दिन भी डिस्कनेक्शन नहीं होता। 14 लाख उपभोक्ता उठा रहे लाभपत्रकार वार्ता में मौजूद पीवीवीएनएल के निदेशक (वाणिज्य) संजय जैन ने बताया कि डिस्कॉम के अंतर्गत आने वाले सभी 14 जनपदों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम जारी है।

# राकेश टिकैत को उड़ीसा में किया गया गिरफ्तार

### सोशल मीडिया पर किसान नेता ने शेयर किया वीडियो, लिखा– पुलिस की दमनकारी नीति

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। राकेश टिकैत ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी अरेस्टिंग का वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि उड़ीसा राज्य के किसान 22 मार्च 2026 से अपनी सभी मांगों को लेकर पैदल मार्च कर राजधानी भुवनेश्वर पहुंच रहे थे। जहां पर एक सभा होनी तय हुई थी, हम भी उसमें शामिल होने के लिए भुवनेश्वर पहुंचे थे। लेकिन वहां की राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस ने दमनकारी नीति अपनाते हुए हम सभी को गिरफ्तार कर लिया है।यह गिरफ्तारी देश के किसान की आवाज को नहीं दबा सकती है। आप सभी नए संघर्ष के लिए तैयार रहें। मेरठ में धरने पर बैठे समर्थक वहीं राकेश टिकैत की अरेस्टिंग के बाद मेरठ सहित पश्चिमी यूपी में उनके समर्थकों में काफी गुस्सा है।मेरठ में भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी सहित तमाम समर्थक मवाना में पहुंचकर धरने पर बैठ गए हैं।अनुराग मलिक का कहना है कि जब तक भुवनेश्वर पुलिस हमारे नेताजी को ससम्मान रिलीज नहीं करेगी हम यहीं धरनारत रहेंगे। भाकियू के जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसानों के आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओडिशा के किसान जल, जंगल और जमीन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि भाकियू का शीर्ष नेतृत्व इस मामले पर बातचीत कर रहा है और पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।यदि आवश्यकता पड़ी तो इसके विरोध में आंदोलन शुरू किया जा सकता है।यह गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब देश भर में किसानों के मुद्दे एक बार फिर चर्चा में हैं।

# गाजियाबाद में मीडियाकर्मी पर जानलेवा हमला

### 10 से अधिक युवकों ने घेरकर बरसाए लाठी डंडे, तमंचे से फायरिंग

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के दिल्ली गेट इलाके में एक मीडिया कर्मी पर जानलेवा हमला किया गया। जहां रात 10 से अधिक युवकों ने पहले रास्ते में घेरकर लाठी डंडे बरसाए।उसके बाद तमंचे से हवाई फायरिंग की। अराजक तत्व 10 मिनट तक बीच रास्ते में उपद्रव करते रहे।घटना के बाद हमलावर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है।इस पूरे मामले में एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर राजकरण नैयर का कहना है कि यदि थाना पुलिस की लापरवाही मिली तो पूरे मामले में जांच कराई जाएगी।घायल को जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है।जहां हाथ और पैर में फ्रैक्चर आए हैं।शरीर के कई हिस्सों में भी चोट लगी है।तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की पहचान की जा रही है।सीसीटीवी में कैद हुए हमलावर गाजियाबाद के कोतवाली थाना क्षेत्र के घंटाघर के पास रहने वाले आकाश एक हिंदी अखबार और मीडिया संस्थान से जुड़े हैं। रविवार रात गली में कुछ युवकों का किसी युवक से विवाद चल रहा था।वह बाहर देखने लगे, इस बीच 10 से अधिक युवक लाठी डंडे लेकर पहुंचे और आकाश को घेर लिया।

वह जान बचाकर गली में भागते हुए दिखे, इसके बाद हमलावरों ने जमीन पर गिराकर लाठी डंडों से हमला कर दिया।साथ ही तमंचे से हवाई फायरिंग की और जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना के बाद एसीपी उपासना पांडे न तो मौके पर पहुंची और ना ही कॉल रिसीव की।इंस्पेक्टर भी 1 घंटे बाद मौके पर पहुंचे और घायल का मेडिकल कराया। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बताया है कि एक हाथ की कलाई की हड्डी पूरी तरीके से अलग हो चुकी है, पैर में भी फैक्चर आया है।पसलियों में चोट पहुंची है।आरोपी हमला करने वाले का युवक मुस्लिम समुदाय से भी हैं, जिनकी पुलिस पहचान कर रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमला करने वाले हिंदू और मुस्लिम दोनों समाज से हैं पुलिस आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करेगी।

# मुसलमान नेताओं और माफियाओं का बाप पाकिस्तान- संगीत सोम

## मेरठ में अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया, कहा- पीडीए में से पीडी खत्म, ए बचा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सरधना विधानसभा के भगवानपुर गांव में बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का पूर्व विधायक संगीत सोम ने अनावरण किया।जहां उन्होंने समाजवादी पार्टी, मुस्लिम समाज और अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए दलित समाज के हित की बात की। संगीत सोम ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा- आज के समय में ढऊअ में से ढऊ खत्म हो चुका है। अब सिर्फ अ बचा है, जिसका मतलब- आतंकवाद, अतीक, अल्लाह और अखिलेश है, बाकि किसी का कोई मतलब समाजवादी पार्टी में नहीं है।

### मुस्लिमों का बाप पाकिस्तान

संगीत सोम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धुरंधर फिल्म से एक बात साबित हो गई है कि प्रदेश में जितने भी मुस्लिम समाज के माफिया और नेता हैं, उन सभी का बाप पाकिस्तान है।उन्होंने कहा कि मुझे इस समाज में भी धुरंधर चाहिए। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं कि जिस प्रकार फिल्म में धुरंधर ने पाकिस्तान में जाकर आतंकवाद को मिटाया। वैसे ही इस देश के आतंकवादियों को मिटाने के लिए मुझे यहां धुरंधर चाहिए।

### मैं जातियों का झगड़ा करने की बात नहीं करता

संगीत सोम ने प्रतिमा अनावरण के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कभी भी जातियों को लड़वाने की बात नहीं करता। झगड़ा कराने का काम तो पूरे प्रदेश में समाजवादी और कांग्रेस पार्टी ने ले रखा है, यही उनका काम है।उनका यही एक काम है कि किसी भी तरीके से दलित समाज को किसी न किसी जाति से लड़ते रहो और दलित समाज को आगे बढ़ने का मौका मत दो।मैं उन लोगों से भी बताना चाहता हूं कि दलित समाज भी अब यह बात जान चुका है कि आप सिर्फ वोट की राजनीति करते हो।दलित समाज यह भी जानता है कि जब तुम्हारी सरकार होती थी तो आपने कभी कोशिश नहीं करी कि दलित समाज के लोग भी बाहर आ जाए उन्होंने कहा कि बीते दिनों जब पता चला कि बाबा साहब की प्रतिमा को भगवानपुर में खंडित करने का काम हुआ है।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी की दो छात्राएं आपस में भिड़ी

### पुलिस बोलीं- जांच कराएंगे, वजह का नहीं चला पता

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी की दो छात्राओं के बीच मारपीट का मामला सामने आया है।किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी हाथापाई में बदल गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों छात्राएं आपस में भिड़ रही हैं। आसपास मौजूद अन्य छात्र इस घटना का वीडियो बनाते नजर आए, जबकि कुछ छात्रों ने बीच-बचाव का प्रयास भी किया।हालांकि, छात्राएं शांत नहीं हुईं और लगातार एक-दूसरे पर हमला करती रहीं।बताया जा रहा है कि यह विवाद किसी व्यक्तिगत बात को लेकर शुरू हुआ था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद दनकौर पुलिस ने भी संज्ञान लिया है।

# ग्रेनो वेस्ट की हिमालय प्राईड सोसाइटी में लिफ्ट अटकी

## महिला 20 मिनट फंसी, बेहोश; मेंटेनेंस पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित हिमालय प्राईड सोसाइटी में लिफ्ट खराब होने का एक और मामला सामने आया है।इस घटना में एक महिला करीब 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही।गर्मी और घुटन के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई और बाहर निकलते ही वह बेहोश हो गईं।जानकारी के अनुसार बी-10/14 टावर की निवासी शीला रोजमर्रा की तरह लिफ्ट का उपयोग कर रही थीं।तभी अचानक लिफ्ट 10वें फ्लोर से छठे फ्लोर के बीच में रुक गई और वह अंदर फंस गईं। काफी देर तक मदद का इंतजार करने के बाद करीब 20 मिनट बाद उन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। लिफ्ट से बाहर आते ही महिला बेहोश हो गईं। सोसाइटी के निवासियों ने उन्हें पानी पिलाया, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।एओए अध्यक्ष सीमा भंडारी ने बताया कि लंबे समय तक लिफ्ट में फंसे रहने के कारण महिला को घुटन और तेज गर्मी का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई।उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब लिफ्ट में खराबी आई हो। इससे पहले रामनवमी के दिन भी 10 बच्चों सहित 12 लोग करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे थे। उस समय भी काफी मशक्कत के बाद लोगों को बाहर निकाला गया था। सीमा भंडारी के अनुसार प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन को लगातार शिकायतें दी गई हैं

# युवक की हत्या मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

### शव छिपाने की कोशिश की थी, सर्विलांस की मदद से पकड़े गए

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हत्या को सड़क हादसे का रूप देने और शव को छिपाने की कोशिश की थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार, हथियार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से अमरपाल, अमित कुमार और सनी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई इको कार, हत्या में प्रयुक्त एक लोहे का पाना, तीन मोबाइल फोन और एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं।जांच में सामने आया कि मृतक अमित उर्फ भोंचू के खिलाफ अमरपाल के पक्ष की एक नाबालिग से बलात्कार का मुकदमा दर्ज था, जिसमें अमित जेल गया था। जेल से बाहर आने के बाद दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव चल रहा था।23 मार्च को अमरपाल, अमित और सनी अपनी इको कार से बागेश्वर धाम, मध्य प्रदेश घूमने गए थे।इसी दौरान अमरपाल को अपनी भाभी के माध्यम से सूचना मिली कि अमित उसके घर के पास देखा गया है। इसके बाद अमरपाल ने अपना फोन बंद कर लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बागेश्वर धाम से लौटते समय अमित उर्फ भोंचू की हत्या की योजना बनाई।

# इंडेन गैस वितरण में कालाबाजारी और धांधली का बड़ा आरोप

**भाजपा सदस्य सतेंद्र श्रीवास्तव ने एसडीएम से शिकायत**

**टोकन में भेदभाव, बिचौलिया हावी,**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद,हरदोई ।नगर के आवास विकास कॉलोनी क्षेत्र में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और धांधली के आरोप सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। भाजपा सदस्य सतेंद्र श्रीवास्तव ने एसडीएम को दिए गए शिकायत पत्र में इंडेन गैस एजेंसी पर गैस वितरण में धांधली और बिचौलियों के हावी होने का आरोप लगाया गया है ।इससे पूर्व भाजपा नगर उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता भी स्थानीय इंडेन गैस एजेंसी की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा चुके हैं। आनंद गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक हफ्ते तक टोकन नहीं दिया गया ।जबकि बिचौलियों और अन्य उपभोक्ताओं को लगातार टोकन जारी किए जा रहे हैं। यह मामला सामने आने के बाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने का खेल है ।उन्होंने इंडेन गैस एजेंसी के संचालक के मलिक पर अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया था। गुप्ता के अनुसार, शिकायत करने पर उन्हें गैस सिलेंडर एन केन प्रकरण सिलेंडर तो मिल गया, लेकिन भाजपा सरकार के दावों पर जख्म दे गया। आरोप है कि आम उपभोक्ताओं को दरकिनार कर गैस सिलेंडर बिचौलियों के माध्यम से बेचे जा रहे हैं ।यही नहीं सिलेंडरों की खुलेआम ब्लैक मार्केटिंग की जा रही है। भाजपा सक्रिय सदस्य सतेंद्र श्रीवास्तव भी गैस सिलेंडर की पिपासा में झुलस गए ।सिलेंडर ल्ल मिलने से नाराज उन्होंने अपने साथ हुए घटनाक्रम की शिकायत एसडीएम शाहाबाद से कर अपनी ही सरकार के दावों की कलई खोल कर रख दी। शहरों में किसी तरह गैस की आपूर्ति हो जाती है, लेकिन गांवों में स्थिति काफी खराब है ।कई-कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि डोर-टू-डोर गैस वितरण की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एजेंसी की ओर से नियमित आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ते हैं ।इसके अलावा एजेंसी पर कालाबाजारी और अवैध वसूली के भी आरोप लगे हैं ।आरोप है कि बुकिंग के बावजूद समय पर डिलीवरी नहीं की जाती, तथा सही जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जाती ।जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है ।भाजपा सदस्य सतेंद्र श्रीवास्तव एसडीएम से शिकायत कर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मिशन शक्ति फेस फाईव द्वितीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अमन लेखनी समाचार**

नसीराबाद, रायबरेली ! नसीराबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेस 5 द्वितीय अभियान के अंतर्गत कस्बा नसीराबाद में महिला एवं बालिकाओं को एकत्रित कर जागरूक अभियान चलाया गया अभियान मे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 112 ,1090, 1076 ,1098 ,1930, 102, 101, 181, 108 आदि नंबरों की जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना ,उज्ज्वला योजना, बी सी सखी, निराश्रित वृद्धा पेंशन आदि योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई कार्यक्रम में उपनिरीक्षक राममिलन सिंह, महिला कांस्टेबल रेनू यादव आदि रही

# रानापुरा के खेतों में लगी भीषण आग, पराली सहित कुछ फसल जली

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसराय ।विकास खण्ड गुरसराय की ग्राम पंचायत रानापुरा में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात कारणों के चलते खेतों में भीषण आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग से लगभग 50 एकड़ की पराली सहित कुछ फसल भी जल गई घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान जनक सिंह गौर ने तत्काल पुलिस प्रशासन व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। साथ ही वे अपने साथियों राजा ठाकुर व अन्य लोगों के साथ साथ स्वयं का टेंकर व ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना पर टोड़ी फतेहपुर थाना पुलिस दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। हालांकि दमकल के पहुंचने तक आग काफी फैल चुकी थी और कई खेत इसकी चपेट में आ चुके थे। दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आग से प्रभावित किसानों में रामराज सिंह, रामकिशोर, मुकेश, इन्द्र पाल सिंह, भारत सिंह, सुख सिंह, राजबहादुर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, रनवीर सिंह, दरयाव सिंह, शत्रुघ्न सिंह, मनोहर सिंह, उपेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, लक्ष्मण सिंह, अरविन्द सिंह, रजनीश, गोविन्द सिंह, विश्व प्रताप, रनमत सिंह, पुष्पा, लक्ष्मण पाल, सन्त राम, मनीष, मुलायम, हरीराम, जगदीश, गोरे व हरिहर किसान सहित अन्य लोग शामिल हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के बाद ग्राम प्रधान जनक सिंह गौर व प्रभावित किसानों ने तहसील प्रशासन एवं सरकार से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वही उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि आग से पराली जलने की सूचना मिली है। इसके साथ ही कुछ फसल का भी नुकसान हुआ है। लेखपाल को मौके पर भेजकर सर्वे करवाया जा रहा है।

**खास समाचार**

# शिक्षकों को दी गई विदाई

**अमन लेखनी समाचार**

माधौगंज, हरदोई ।सेवानिवृत अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार एवं बिलग्राम खंड शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कटियार ने इस स्मृति चिन्ह भेट कर विदाई दी। ब्लॉक में संचालित परिषदीय विद्यालयों में उच्च प्राथमिक विद्यालय देवीपुरवा के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह तथा उच्च प्राथमिक देवी पुरवा के सहायक अध्यापक नीरज अवस्थी, उच्च प्राथमिक विद्यालय मगरहा के सहायक अध्यापक राजेश कुमार तथा प्राथमिक विद्यालय पिपरावा की सहायक अध्यापिका उषा देवी सोमवार को सेवानिवृत हुई। बीईओ संतोष कुमार ने सभी को शुभकामना देते हुए विदाई दी। विद्यालयों के साथी अध्यापकों द्वारा भावभीनी विदाई दी और अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी ।इस दौरान मनोज प्रताप सिंह, यशपाल सिंह, राजीव कुमार, विनीत कुमार, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बघौली रेलवे क्रॉसिंग के पास दो ट्रकों की टक्कर की चपेट में आए एक युवक की मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

**बघौली रेलवे क्रॉसिंग पर दो ट्रैकों की टक्कर में एक युवक की मौत**

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। बताया जा रहा है कि ग्राम ककरहिया मजरा बघौली निवासी 28 वर्षीय पुष्पेंद्र गांव के ही एक अन्य युवक कन्हैया लाल के साथ बघौली स्थित दूध की डेयरी पर दूध डालकर मंगलवार रात करीब साढ़े 8 बजे साइकिल से घर वापस घर आ रहे थे। बघौली रेलवे क्रासिंग के पास आमने सामने से दो ट्रक तेज रफ्तार में आये और साइकल सवार पुष्पेंद्र और कन्हैया लाल को कुचल दिया और फिर आपस में भिड़ गए। घटना में पुष्पेंद्र की मौके पर मौत हो गयी और कन्हैया लाल गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां उसकी मौत हो गयी। मंगलवार 10 बजे थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों ट्रकों को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा कराया गया है ।मृतक पुष्पेंद्र पांच भाइयों में तीसरे और कन्हैयालाल तीन भाइयों में दूसरे थे। दोनों लोग निजी काम से बघौली गए हुए थे। साइकिल से घर लौट रहे थे और उनकी शादी भी नहीं हुई थी ।हादसे से गांव में मातम पसर गया, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद यातायात बहाल किया।

# बेरुआ में शनिदेव की मूर्ति हुई खंडित

**अमन लेखनी समाचार**


कछौना– हरदोई। क्षेत्र के ग्राम बेरुआ स्थित एक मंदिर में स्थापित शनिदेव की मूर्ति खंडित हुई है ।खण्डित मूर्ति देखकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया ।सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर मूर्ति पर पड़ी तो वहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई ।और घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए ग्रामीणों ने मूर्ति को खंडित करने वालो कार्रवाई की मांग उठाई। सूचना मिलते ही स्थानीय कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर प्रकरण की जांच करते हुए नई मूर्ति को स्थापित कराया है ।पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है ।थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया नंदी समेत शनिदेव की नई मूर्ति को मंदिर में स्थापित कराया गया है ।प्रकरण में जांच जारी है।

# मशीनों से बात करने वाले कर्मयोगी थे ओपी जिंदल : राजेश सिंगला

**स्टील मैन ओ पी जिन्दल को भावभीनी श्रद्धांजलि।**

**समाज के लिए प्रेरणा बने रहेंगे बाऊ जी।**

**अमन लेखनी समाचार**



कुरुक्षेत्र। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा, महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी), अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन तथा अग्रोहा धाम वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्टील मैन ओपी जिंदल की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर समाज के लोगों ने उन्हें याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंगला ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ओपी जिंदल केवल एक उद्योगपति नहीं, बल्कि कर्मयोगी और समाज के सच्चे सेवक थे। उनका व्यक्तित्व धार्मिक, सामाजिक और दानी प्रवृत्ति का था। वे एक आदर्श पुत्र, आदर्श पति और आदर्श पिता थे। सिंगला ने कहा कि स्टील मैन ओपी जिंदल मशीनों से बात करते थे। वे सचमुच कमाल के इंसान थे, जिनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमेशा रहेगा। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल ने उन्हें याद करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि बाऊ जी जैसे लोग सदियों में एक बार जन्म लेते हैं। वे तूफानों से टकराने वाले मजबूत व्यक्तित्व के मालिक थे, लेकिन दिल से बेहद सरल, निष्कपट और विनम्र इंसान थे। वास्तव में वे कुन्दन जैसे व्यक्तित्व के धनी थे। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गर्ग ने भी साथियों सहित श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं अग्रोहा वैश्य समाज के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान अशोक गुप्ता ने कहा कि ओ पी जिंदल एक सफल उद्योगपति होने के साथ-साथ एक कुशल इंजीनियर और संघर्षशील व्यक्तित्व के प्रतीक थे। वे कार्यकताओं का सम्मान करने वाले सच्चे जनसेवक थे और उनका जीवन आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाज सेवी सेवानिवृत्त प्राध्यापिका मंजू बाला सिंगला, संजीव गर्ग, विजय गर्ग, जंग बहादुर सिंगला, विनय गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद बंसल, अजय गुप्ता, सचिन सिंगला, निशी गुप्ता, विपिन गर्ग, सुमित गर्ग, योगेश गर्ग सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चोपन पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के 40 हजार पीड़ित को वापस

**साइबर टीम की त्वरित कार्रवाई से खाते में लौटे पूरे पैसे**

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन/सोनभद्र। थाना चोपन पुलिस की साइबर टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए साइबर ठगी के शिकार हुए एक पीड़ित के चालीस हजार रुपये की पूरी धनराशि उसके मूल खाते में वापस कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बबलू पुत्र किशन लाल बंजारा, निवासी माता जी की खेड़ी थाना रामपुरा जनपद नीमच (मध्य प्रदेश), वर्तमान में चोपन, सोनभद्र में निवास कर रहे हैं, उनके साथ अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा छलपूर्वक ?40,000 की ठगी की गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध विरोधी अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में साइबर टीम ने तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक एवं संस्थाओं से तत्काल ई-मेल के माध्यम से संपर्क किया। टीम की सक्रियता के परिणामस्वरूप पीड़ित की ठगी गई पूरी धनराशि सफलतापूर्वक उसके खाते में वापस करा दी गई। साइबर टीम में शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा महिला कांस्टेबल प्राची शुक्ला, महिला कांस्टेबल शैलजा सिंह के इस सफल कार्रवाई से जहां पीड़ित को राहत मिली है, वहीं पुलिस की तत्परता और कार्यकुशलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# हत्या में दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास

**-12-12 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।**

**-जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।**

**-साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए रामसेवक उर्फ काशी हत्याकांड का मामला।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। साढ़े तीन वर्ष पूर्व हुए रामसेवक उर्फ काशी हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विजय कुमार पुत्र बनवारी कोल निवासी अरुआंव, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र ने घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसका लड़का रामसेवक उर्फ काशी उम्र 26 वर्ष 9 अगस्त 2022 को शाम करीब 4 बजे घर से बाइक से निकला था। उसके साथ खड़िया निवासी मुकेश भी था। लड़का शाम को घर नहीं आया। दूसरे दिन भी काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। 12 अगस्त को गांव के लोगों द्वारा मोबाइल में फोटो दिखाकर बताया कि 10 अगस्त को महुआव पांडेय गांव के कुएं में एक युवक की लाश मिली है। जिसे पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। जब पोस्टमार्टम हाउस जाकर देखा तो बेटे की लाश थी। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद पता किया तो जानकारी मिली कि रामलखन उर्फ रवि उर्फ बाठे पुत्र पुदीन चमार निवासी महुआंव पांडेय, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के घर उसका लड़का 9 अगस्त की शाम गया था। जहां पर शराब पीकर आपस मे कहासुनी हुई थी। इसी दौरान मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को छुपाने के लिए कुएं में फेंक दिया गया था। इस तहरीर पर पुलिस ने रामलखन समेत दो लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर दंपती के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्तगणों के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने हत्या का मामला बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती रामलखन व कृष्णावती को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

# बाऊजी ने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया - पवन गर्ग

**बाऊजी ओपी जिन्दल की पुण्यतिथि पर जनसेवा की विरासत को आगे बढ़ाने का लिया गया संकल्प।**

**अमन लेखनी समाचार**



कुरुक्षेत्र। लोकसभा के पूर्व सांसद एवं हरियाणा सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री ओम प्रकाश जिन्दल की पुण्यतिथि पर ओपी जिन्दल पार्क में श्रद्धापूर्वक उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बाऊजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाऊजी ओम प्रकाश जिन्दल जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर समाजसेवी पवन गर्ग ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके जीवन से जुड़े अनेक प्रेरणादायक प्रसंग साझा किए। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश जिन्दल केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जनमानस के सच्चे नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने विशेष रूप से पिछड़े वर्ग, वंचितों और किसानों के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए, जिसके कारण वे आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। उनके कार्यों और विचारों ने समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि बाऊजी ओम प्रकाश जिन्दल जी के आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य उनके सुपुत्र एवं वर्तमान सांसद नवीन जिन्दल निरंतर कर रहे हैं। वे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार एवं

# शाहाबाद: गढ़िया नगरा में अवैध खनन का बोलबाला, नियमों को ताक पर रख खोद डाली धरती

**सत्ता के संरक्षण में अवैध खनन माफियाओं की पौ बारह : वन विभाग मौन?**

**मानकों की धज्जियां उड़ाकर तहस नहस कर रहे पर्यावरण**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद (हरदोई) ।तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़िया नगरा में इन दिनों अवैध खनन का काला कारोबार चरम पर है। क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया सुमित सिंह द्वारा बिना किसी कानूनी भय के बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध 1 उत्खनन कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों और अल्हापुर निवासी सरफराज का आरोप है कि सुमित सिंह खुद को सत्ताधारी दल का करीबी बताकर प्रशासन पर रौब झाड़ता है, जिसके चलते जिम्मेदार अधिकारी भी इस ओर से आँखें मूंदे बैठे हैं। चर्चा है कि मिट्टी हो या बालू, क्षेत्र में खनन के सिंडिकेट का संचालन सुमित सिंह द्वारा ही किया जा रहा है ।मानकों की उड़ी धज्जियाँ, गहरे गड्ढों से मंडरा रहा खतरा नियमों के मुताबिक, मिट्टी खनन के लिए एक निश्चित गहराई और प्रक्रिया तय होती है, लेकिन गढ़िया नगरा में चल रहे इस अवैध खेल में ।रती को कई-कई फीट गहरा खोद दिया गया है। मानक के विपरीत जाकर किए जा रहे इस कार्य से न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि आने वाले समय में यहाँ बड़े हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। रात-दिन चल रहे डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की अनियंत्रित आवाजाही से ग्रामीण रास्तों की हालत भी खस्ता हो चुकी है, जिससे राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। क्षेत्र में आम चर्चा है कि खनन माफिया अपने राजनैतिक रसूख का इस्तेमाल कर अवैध वसूली और खनन के इस कारोबार को बेखौफ अंजाम दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी कोई भी व्यक्ति इस बबार्दी का विरोध करने की कोशिश करता है, तो उसे सत्ता की धौंस दिखाकर चुप करा दिया जाता है। ताज्जुब की बात यह है कि मुख्य मार्गों से सरेआम मिट्टी लदे ओवरलोड वाहन गुजरते हैं, लेकिन पुलिस और राजस्व विभाग की टीम इस पर मौन साधे हुए है। अवैध खनन से त्रस्त क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी और शासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की द्वारा मामले की जाँच के लिए कानूनगो माँग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध खनन को नहीं रोका गया, तो गाँव की भौगोलिक स्थिति पूरी तरह बिगड़ जाएगी। इस संबंध में जब मौके की सूचना नायब तहसीलदार को दी गई, तो उनके को भेजने की बात कही गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन कागजी आश्वासन देता है या भू-माफियाओं के खिलाफ धरातल पर कोई कठोर कार्रवाई अमल में लाता है।

# एक वर्ष से खराब पड़ा हाईमास्ट/लाइट, ग्रामीणों में आक्रोश, शीघ्र लगाने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**



जिगना/छानबे। विकासखंड छानबे के अंतर्गत बाग जोरावर, खैरा, जिगना व मिश्रपुर मार्ग के कोने पर लगा हाईमास्ट/सड़क लाइट पिछले लगभग एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। पहले ग्राम प्रधान द्वारा इसे लगवाया गया था, लेकिन खराब होने के बाद इसे हटवा दिया गया और आज तक पुनः स्थापित नहीं कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थान चार मार्गों का प्रमुख जंक्शन है, जहां रात के समय अंधेरा छाया रहता है। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित जिम्मेदारों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि जनहित से जुड़ी इस समस्या की लगातार अनदेखी की जा रही है। यदि जल्द ही हाईमास्ट/लाइट नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में कोई बड़ी घटना हो सकती है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन व ग्राम प्रधान से मांग की है कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थान पर शीघ्र हाईमास्ट/लाइट की पुनः स्थापना कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और आवागमन सुरक्षित हो सके।

# पीयूष कुमार ने संभाला गरौठा पुलिस क्षेत्राधिकारी का कार्यभार

**गरौठा सर्किल में अवैध कार्यों पर अंकुश के दिए संदेश**

**अमन लेखनी समाचार**



गरौठा। गरौठा में निवर्तमान पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र नाथ मिश्र की सेवानिवृत्ति के बाद पीयूष कुमार पांडे ने गरौठा क्षेत्राधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। झांसी साइबर क्राइम ब्रांच और यातायात विभाग में सेवाएं दे चुके नवागंतुक क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडे ने पदभार संभालने के तुरंत बाद सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि गरौठा सर्किल में किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें अवैध खनन, जुआ, शराब और सट्टा जैसे सभी अवैध कार्य शामिल हैं, जिन पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही, हर व्यक्ति के साथ निष्पक्ष और उचित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



# अप्रैल से अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

मुंबई। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मातृभूमि को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। सोमवार को सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग सलमान इस साल अप्रैल से शुरू करेंगे। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है।

## लाइफ Style

# सयानी

## अभिनेत्री से प्रोड्यूसर की कुर्सी पर बैठीं

अभिनेत्री सयानी गुप्ता अब अदाकारा से निर्माता बनने की तरफ बढ़ गई हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया है। साथ ही अपने प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाले पहले प्रोजेक्ट का भी ऐलान कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सयानी गुप्ता ने आर्टिकल 15, जॉली एलएलबी 2, फैन और पार्च्ड जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वे बतौर निर्माता अपने कॅरियर की शुरुआत कर रही हैं। सयानी ने अपना प्रोडक्शन हाउस, 'सयानी गुप्ता मूवीज' लॉन्च किया है। इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'आसमानी' से हो रही है, जो इस बैनर के तहत बनने वाला पहला प्रोजेक्ट है। फिल्मों और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर एक दशक से ज्यादा समय तक काम करने के बाद अभिनत्री सयानी गुप्ता का कहना है कि प्रोडक्शन की तरफ उनका यह कदम इसलिए है, क्योंकि अब वे स्टोरीटेलिंग में ज्यादा शामिल होना चाहती हैं। सयानी ने कहा, 'यह मेरा एक पुराना सपना रहा है। मैं हमेशा से कुछ खास तरह की कहानियां कहना चाहता थी और इसका मकसद सहयोग के लिए एक ऐसा माहौल बनाना है, जो काम को सरल और सहज बनाए। हम धीरे-धीरे, लेकिन लगातार आगे बढ़ेंगे। एक समय में सिर्फ एक फिल्म पर ध्यान देंगे। हमारे लिए लेखन की गुणवत्ता, कला और कहानी कहने का तरीका हमेशा पहले रहेगा। ऐसा करने के लिए, हर प्रोजेक्ट को सही समय, देखभाल और पूरा ध्यान देना जरूरी है'।



## हॉलीवुड मसाला




# टॉम्ब रेडर के सेट पर हुईं घायल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेत्री सोफी टर्नर को नई सीरीज 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। फिलहाल, सीरीज की शूटिंग को रोक दिया गया है। स्टूडियो ने बताया कि सोफी टर्नर को हाल ही में 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई है। उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। लेकिन, इस दौरान पूरे क्रू को उनका वेतन मिलता रहेगा। 'टॉम्ब रेडर' सीरीज अमेजन और एमजीएम स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं।




# ब्लू ब्लड्स की भूमिका के लिए थे मशहूर...

लॉस एंजिल्स। मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स डुओंग का 42 साल की उम्र में कैंसर से लड़ते हुए निधन हो गया। वह 'ब्लू ब्लड्स की भूमिका के लिए मशहूर थे। वह लॉस एंजिल्स में रहते थे। एलेक्स डुओंग अपनी बेहतरीन कॉमेडी, लेखन और अभिनय के लिए मशहूर थे। उन्हें 'ब्लू ब्लड्स', 'प्रिटी लिटिल लायर्स', 'डेक्सटर' जैसी कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। एलेक्स कॉमेडी जगत में बहुत सक्रिय थे। 2021 से वे लॉस एंजिल्स के प्रसिद्ध कॉमेडी स्टोर में डोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में उनके फायदे के लिए एक विशेष कॉमेडी शो भी आयोजित किया गया था, जिसमें कई कॉमेडियन ने हिस्सा लिया। पिछले साल एलेक्स को एक खतरनाक कैंसर (एल्वियोलर रैबडोमायोसारकोमा) का पता चला था, जो पूरे शरीर को प्रभावित करता है।



# अपने किरदार को लेकर दी जानकारी...

मुंबई। केजीएफ स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। अब फिल्म में नादिया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की है। कियारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि नादिया का किरदार अब तक पढ़े गए किरदारों में सबसे अनोखा है। मेरी निर्देशक गीतु मोहनदास ने जिस तरह से इस किरदार को लिखा और उसकी यात्रा को आकार दिया है, उससे मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगा कि मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और उनकी नजर में इस भूमिका को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। फिल्म से कियारा का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में एक स्टेज पर खड़ी नजर आई थीं।



# 10 सालों से रिलीज को तरस रहीं ये फिल्में

नई दिल्ली। अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा के वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर जाना जाता है। 3 दशक से ज्यादा लंबे कॅरियर में अक्की ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। लेकिन, दो फिल्में ऐसी रहीं, जिनका ऐलान तो बड़े ही धूम-धाम तरीके से हुआ था, लेकिन वे कभी भी बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकीं। साल 2016 में अक्षय कुमार की एक बड़ी फिल्म क्रैक का ऐलान हुआ था, जिसके फर्स्ट लुक पोस्टर पर डायरेक्टर नीरज पांडे का नाम मौजूद था। क्रैक की रिलीज डेट 2017 तय की गई थी। एक दशक बाद भी इस मूवी पर ना कोई अपडेट आया और नहीं रिलीज हुई। क्रैक के अलावा 2021 में अक्षय कुमार स्टारर मूवी गोरखा का ऐलान हुआ था, जिसके डायरेक्टर आनंद एल राय थे। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया था।

## टीवी मसाला



# दो आईकॉनिक अभिनेत्रियों का इंडियन आइडल में हुआ मिलन

नई दिल्ली। टीवी शो में 80 के दशक की अभिनेत्रियों को साथ में देखना एक अलग ही नॉस्टेलजिया क्रिएट कर देता है। इंडियन आइडल के हाल ही के एपिसोड में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। शो के हाल ही के एक एपिसोड में अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल को आमंत्रित किया गया था। ऐसे में फैंस 53 साल बाद स्टेज पर इस महान जोड़ी को देखकर इमोशनल हो गए। दोनों को आखिरी बार साथ में ऋषि कपूर की फिल्म बॉबी में साथ में देखा गया था। स्टेज पर अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल ने जैसे ही एक दूसरे को आमने-सामने देखा तो उनके और साथ-साथ में फैंस के लिए ये पल काफी ज्यादा भावुक करने वाला था। कंटेस्टेंट ने ईरानी के वायरल गाने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी गाकर उनका वेलकम किया। अरुणा स्टेज पर डांस करती हुई आईं। वहीं फरीदा जलाल के लिए ए दिल लाया है बहार गाकर उनका स्वागत किया गया। ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल स्टारर फिल्म बॉबी की कहानी एक अमीर युवा लड़के बॉबी की है जिसे एक गरीब ईसाई लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन परिवार को ये रिश्ता नामंजूर होता है। अमीर-गरीब और सामाजिक अंतर के कारण उनके परिवार इस रिश्ते का विरोध करते हैं, जिससे वे भाग जाते हैं और आखिर में परिवार को उनकी प्रेम कहानी स्वीकार करनी पड़ती है। फरीदा जलाल ने फिल्म में बॉबी की सहेली निक्की का किरदार निभाया था वहीं, 1973 में आई इस फिल्म में अरुणा ईरानी ने 'नीमा' का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका सपोर्टिंग रोल था।

## टीवी पर दस्तक देने आ रही धुरंधर



नई दिल्ली। एक तरफ जहां 'धुरंधर 2' देखने के लिए लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं, इसी बीच अब धुरंधर को आप घर बैठे देख सकते हैं। धुरंधर का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर होने जा रहा है। 'धुरंधर' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 30 मई को शाम 7 बजे स्टार गोल्ड, स्टार गोल्ड 2 और कलर्स सिनेप्लेक्स पर एक साथ दिखाया जाएगा। मतलब एक साथ ये फिल्म तीन अलग-अलग चैनलों पर आएगी। बताया गया है कि मेकर्स ने धुरंधर के इस प्रीमियर के लिए काफी तैयारियां की हैं। इसके लिए अलग से कैंपेन भी चलाया गया है, ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जा सके। फिलहाल धुरंधर के प्रीमियर की तैयारी चल रही है। अभी मार्च खत्म नहीं हुआ और इसके टीवी प्रीमियर का ऐलान किया है। प्रीमियर 30 मई को किया जाएगा यानि करीब एक महीने से ज्यादा का वक्त अभी बाकी है। धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया था।



# मामला लीगल है सीजन 2 से टोस्टर तक, इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सोमवार से एक नया वीक शुरू हो गया है। दो दिन बाद नए महीने की आमद होगी और इसी के साथ नई-नई फिल्मों की रिलीज भी। सिनेमाघरों में सिर्फ एक ही फिल्म छाई है, धुरंधर 2। संभव है कि आपने इसे देख लिया हो। अगर आप थिएटर जाकर सिनेमा देखने के शौकीन नहीं हैं और घर बैठे ही कुछ दिलचस्प देखना चाहते हैं तो इस बार की लिस्ट आपको खुश करने वाली है।*

### हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस

फिल्म 'हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस' इस साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें वीर दास लीड रोल में हैं, साथ ही इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने संभाली। इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनका कैमियो भी है। इसके अलावा उनके भांजे इमरान खान भी फिल्म में नजर आए हैं। यह फिल्म 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### सितारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' इस वीक ओटीटी पर दस्तक दे रही है। बच्चों के साथ इसे देख सकते हैं। आरएस प्रसन्ना के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है। इसमें जैनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म बीते वर्ष जून में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसे ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इमोशंस से भरपूर यह फिल्म 2 अप्रैल से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

### मामला लीगल है सीजन 2

साल 2024 में आई कॉमेडी कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज 'मामला लीगल है' खूब पसंद की गई। अब इसका दूसरा पार्ट आ रहा है। एक बार फिर पटपड़गंज जिला कोर्ट के सबसे जुगाड़ू वकील वीडी त्यागी (रवि किशन) लौट रहे हैं। राहुल पांडे के निर्देशन में बनी 'मामला लीगल है सीजन 2' नेटफ्लिक्स पर 3 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

### वध 2

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता अभिनीत फिल्म 'वध 2' थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म 'वध' का ही सीक्वल है। 'वध 2' 03 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# विनीत कुमार शक्ति शालिनी में निगेटिव रोल में आएंगे नजर...



मुंबई। मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की थामा रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स को अगली फिल्म शक्ति शालिनी का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या, स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की अधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी। विनीत कुमार सिंह ने पिछले साल आई विक्की कौशल की ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा में कवि कलश की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा हुई थी। अब विनीत कुमार सिंह के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। विनीत कुमार सिंह हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज हेलो बच्चों में नजर आए थे।

## 200 फिल्में, अनगिनत किरदार और एक स्टार

# सिनेमा का वो रावण, जिसकी आवाज से थरते थे दर्शक

*नई दिल्ली। बड़ा पर्दा और उस पर आने का ख्वाब कई लोगों के दिल में रहता है। सिनेमा में अबतक कई स्टार्स आए जिन्होंने अपने इस ख्वाब को पूरा भी किया। हमने अबतक कई कहानियां देखी और सुनी है। हिंदी सिनेमा के एक ऐसे स्टार के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे है, जिसे असल में रामायण का रावण कहा गया। महज 15 फिल्मों मे काम करने वाला वो एक्टर भारतीय सिनेमा का पहला 'रावण' था, जिसने उसे हर तरफ पहचान दिलाई।*

### कौन थे बी.एम. व्यास?

जिन एक्टर के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, उनका नाम बी.एम. व्यास यानि बृजमोहन व्यास। वही, बृजमोहन व्यास जो अपनी रौबदार आवाज से हर किसी को एक पल के लिए डरा देते थे। बृजमोहन व्यास का जन्म 22 अक्टूबर 1920 को राजस्थान के चूरू जिले में हुआ था। ब्राह्मण परिवार में जन्मे बृजमोहन व्यास बेहद सरल और शांत स्वभाव किस्म के व्यक्ति थे। उन्हें शुरू से ही कला से बेहद लगाव था। कहा जाता है कि शुरुआत से ही उन्हें बनना तो सिंगर था, लेकिन बन वो एक्टर गए और सिनेमा में फिर उन्होंने रावण का किरदार निभाकर ऐसी छाप छोड़ी कि हर कोई देखता रह गया।

### ऐसे स्टार बने

फिल्मों में आने से पहले उन्होंने संगीत की और अच्छे से शिक्षा ली। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई गाने भी गाए। 1940 के दशक में व्यास जी एक सिंगर के तौर पर पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर से जुड़ गए और यहां उन्होंने पहले नाटक शकुंतला में भाग लिया। जब वो इस नाटक में काम कर रहे थे, तो उनकी संस्कृत देख हर कोई चकित रह गया। बाद में उनकी इसी संस्कृत के चलते उन्होंने फिल्मों के ऑफर्स मिलने लगे। इसके बाद करीब दस सालों तक वो पृथ्वी थिएटर का हिस्सा बने रहे और देशभर के दौरों पर गए। इस दौरान एक अभिनेता और संगीतकार, दोनों के रूप में उनकी खूब सराहना हुई।



### संस्कृत और हिंदी भाषा पर अच्छी थी पकड़

थिएटर और नाटकों में काम करने के बाद उनकी पहचान बन चुकी थी। उनकी संस्कृत और हिंदी भाषा पर पकड़ अच्छी थी तो वहीं उनकी रौबदार आवाज का भी अलग ही जादू था। इसी के चलते उन्होंने कुछ फिल्मों में भी काम किया और 1944 की फिल्म भर्तृहरि से पहली बार प्लेबैक सिंगर के रूप मे उन्होंने अपनी आवाज रिकॉर्ड की। पहले आप (1944) और महाराणा प्रताप (1946) जैसी कुछ और फिल्मों के लिए भी उन्होंने गाने रिकॉर्ड किए। आखिरकार वो वक्त आया, जब उन्हें एक अभिनेता के तौर पर पर्दे पर काम करने का मौका मिला। चेतन आनंद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी इंडिया पिक्चर्स से बतौर प्रोडक्शन मैनेजर जुड़ गए। इसी कंपनी की साल 1946 में आई पहली फिल्म नीचा नगर से बी.एम व्यास ने छोटा सा किरदार निभाकर एक्टिंग वाला सपना भी पूरा कर लिया। इसके कुछ सालों बाद वो आग (1948) और बरसात (1949) जैसी फिल्मों में नजर आए।

### रावण ने किरदार ने दिलाई पहचान

*बी.एम व्यास ने अपने कॅरियर में यूं तो कई फिल्मों में काम किया, लेकिन असली पहचान उन्हें सपूर्ण रामायण से मिली। बाबूभाई मिस्त्री की फिल्म 'सपूर्ण रामायण' साल 1961 में आई थी। इस फिल्म में बी.एम व्यास ने रावण का किरदार निभाया। ये किरदार इतना ब्लॉकबस्टर हुआ कि हर किसी ने उनकी खूब तारीफ की। पौराणिक फिल्म में उनके इस काम के चलते ही उन्हें कई ऐसी पौराणिक कथाओं पर बनने वाले प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिले। उन्होंने अपने कॅरियर में लगभग 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्में कुछ इस प्रकार रहीं- बरसात (1949), आवारा (1951), मुगल-ए-आजम (1960), महल (1969), सरस्वतीचंद्र (1968)।*